● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 249, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 23 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



महायुति में सीट शेयरिंग में भाजपा को सबसे ज्यादा 5

रसेल और हेड से भी खतरनाक हैं अभिषेक 6

## रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक सम्बन्ध : मोदी

### पीएम ने रूस के राष्ट्रपति से की मुलाकात, द्विपक्षीय सहयोग पर वार्ता शुरू

**कजान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को रूस के कजान पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर उनके जबरदस्त स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट गए। पीएम मोदी यहां ब्रिक्स देश के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसके अलावा वे कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

द्विपक्षीय बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। 15 वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी विशेष पहचान बनाई है और अब विश्व के सफल देश इससे जुड़ना चाहते हैं। कल मैं ब्रिक्स सम्मलेन में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि, मुझे याद है कि जुलाई





में हमारी मुलाकात हुई थी और कई मुद्दों पर हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हमने कई बार टेलीफोन पर भी बात कर चुके हैं। कजान आने का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। आज हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और उसके बाद रात्रिभोज करेंगे। आज होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमें कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेने चाहिए। रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस खूबसूरत शहर में आने का मुझे मौका मिला है। कजान में भारत का नया दूतावास खुलने से रूस और भारत के संबंध और मजबूत होंगे।

द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि रूस के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध हैं। हमारी गहरी मित्रता है। हमारे संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर बधाई दी। पीएम ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर हमारा संपर्क बना हुआ है। हर समस्या का हल शांति से ही हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम ने कहा कि भारत अपने रुख पर कायम है और शांति को लेकर हर संभव सहयोग करेगा। हम शांति और स्थिरता की बहाली का समर्थन करते हैं। कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय वार्ता शुरू की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के कज़ान में होटल कॉर्स्टन पहुंचने पर भारतीय प्रवासी समुदाय द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उनसे बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी रूस की अध्यक्षता में आयोजित 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आए हैं। प्रधानमंत्री के ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के हेरिटेज शहर कज़ान पहुंचे। उनके आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## दिसंबर तक एक लाख लोगों को नौकरी देगी मप्र सरकार

### 11 विभाग मिलकर कर रहे रोजगार सृजन पर काम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मध्य प्रदेश कैबिनेट बैठक में राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इस बैठक में विभिन्न विभागों के खाली पड़े एक लाख सरकारी पदों पर जल्द भर्ती करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। इसमें दिसंबर 2024 तक एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती में तेजी लाने का निर्णय लिया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के 6388 नवीन पद (5936 नियमित एवं 452 संविदा) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 1589 आउट सोर्सिंग एजेन्सी से कार्य पर रखे जाने की स्वीकृति भी दी गई। भर्ती प्रक्रिया राज्य लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से



की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोजगार सृजन पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों और मंत्रियों को निर्देश दिए कि रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। रोजगार सृजन के लिए 11 विभाग काम कर रहे हैं। अगले चार साल के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कितने रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकते हैं, इसकी रूपरेखा बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने यह भी कहा कि प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षित श्रमिक उपलब्ध कराने के प्रयास भी तेज किए जा रहे हैं।

## कानूनों में स्पष्टता की कमी से न्यायिक हस्तक्षेप की पड़ेगी जरूरत : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कानूनों में स्पष्टता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप कर सकती है, जब कानून बनाने के लिए जिम्मेदार लोग अस्पष्ट क्षेत्रों को छोड़ दें। केंद्रीय गृह मंत्री गुजरात विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय विधान प्रारूपण प्रशिक्षण कार्यशाला के हिस्से के रूप में गुजरात विधानसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान अमित शाह ने सदन को संबोधित करते हुए कहा, मुझे पता है कि मैं जो कुछ भी बोलने जा रहा हूं, उससे विवाद पैदा होगा, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि न्यायपालिका तभी हस्तक्षेप करेगी, जब आप कानून बनाने में किसी अस्पष्ट क्षेत्र को छोड़ देंगे। कानून में जितनी स्पष्टता होगी, अदालतों का हस्तक्षेप उतना ही कम होगा। इस दौरान इस कार्यक्रम में विधायक, सांसद और पूर्व विधायक और स्पीकर मौजूद थे। केंद्र सरकार की तरफ से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के कदम का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, जब अनुच्छेद का मसौदा तैयार किया गया था, तो यह स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि यह संविधान का एक अस्थायी प्रावधान है, जिसे संसद में साधारण बहुमत से पारित किए जाने वाले संशोधन के माध्यम से हटाया जा सकता है। गृह मंत्री ने कहा, अगर यह लिखा होता कि यह अस्थायी के बजाय एक संवैधानिक प्रावधान है, तो हमें मतदान के दौरान साधारण बहुमत के बजाय दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती।


## केरल हाईकोर्ट में वकीलों का अनोखे तरीके से विरोध

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट के वकीलों ने मंगलवार को हाईकोर्ट में लगे एस्केलेटर (ऑटोमैटिक सीढ़ी) के बार-बार खराब होने का अजीबोगरीब तरीके से विरोध जताया। इसके लिए केरल हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश विजयन और एक अन्य वकील ने शव पर चढ़ाई जाने वाली माला एक एस्केलेटर पर चढ़ा दी।

इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना भी की। अब इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## रक्षा सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र : राजनाथ

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन इन दिनों अपने तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली में हैं। यहां आज उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, उन्हें नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर मिला। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। इस वार्ता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी। राजनाथ सिंह



ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है। अब दोनों देशों के रक्षामंत्रियों की यह बैठक यह ऐसे समय में हो रही है जब भारत की एक्ट ईस्ट नीति के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस नीति के तहत सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने और क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। साझेदारी और तीनों सेनाओं के बीच केंद्रित रक्षा सहयोग तंत्र और निरंतर जुड़ाव के जरिए यह दिनों दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारी आज की बैठक हमारे द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम को गति प्रदान करेगी।

## कोलकाता रेप केस, पीड़ित के पिता का शाह को मेल

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की पीड़ित डॉक्टर के माता-पिता ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मेल किया।

पीड़ित के पिता ने लिखा- मैं अभया का पिता हूं, आपकी सुविधा के मुताबिक, आपके सुझाव के मुताबिक किसी जगह स्थान पर मिलने का अनुरोध करता हूं। हमारी बेटी के साथ हुई जघन्य घटना के बाद से हम बहुत अधिक मानसिक दबाव और असहाय महसूस कर रहे हैं।

## वक्फ विधेयक पर जेपीसी की बैठक में बवाल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी को अमर्यादित आचरण के लिए वक्फ विधेयक संबंधी संसदीय समिति से एक दिन के लिए निलंबित किया गया है। दरअसल वक्फ बोर्ड की बैठक में भाजपा और टीएमसी के सांसदों के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा कि इस झड़प में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी चोटिल हो गए। दरअसल, वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति की एक बैठक हो रही थी। तभी टीएमसी सदस्य कल्याण बनर्जी की भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय के साथ तीखी बहस हो गई। इस दौरान बनर्जी ने एक कांच की बोतल तोड़कर फेंक दी, जिससे उनके अंगूठे और तर्जनी में चोट लग गई।

टीएमसी सांसद को तुरंत प्राथमिक उपचार देना पड़ा। बाद में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आप नेता संजय सिंह उन्हें बैठक कक्ष में वापस ले जाते हुए नजर आए। अधिकारियों ने बनर्जी को सूप भी दिया। भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वकीलों के एक समूह के विचार सुन रही थी। तभी विपक्षी सदस्यों ने सवाल किया कि विधेयक में उनका क्या हित है। इसके बाद बहस बढ़ गई।

## एमपी के हिस्से की खाद महाराष्ट्र भेजने का आरोप

### कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और अरुण यादव ने सरकार को घेरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कई जिलों में किसानों को खाद के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को लगातार हो रही परेशानी पर कांग्रेस के दिग्गज नेता सरकार पर हमलावर हो गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ समेत पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार पर अलग-अलग तरीके से हमला किया है। अरुण यादव ने तो यहां तक कह दिया कि मध्य प्रदेश की खाद महाराष्ट्र भेजी जा रही है क्योंकि वहां चुनाव है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने वीडियो जारी कर कहा है कि मप्र के हिस्से की खाद महाराष्ट्र



भेज दी है, क्योंकि वहां चुनाव है देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा, पूरे प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, मप्र के हिस्से के खाद को महाराष्ट्र भेज दिया है क्योंकि वहां चुनाव होने वाला है । मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि मध्य प्रदेश में पूरे साल में 75 + लाख टन उर्वरकों की जरुरत है, खरीफ में 33 लाख मीट्रिक टन रबी मे 42 लाख मीट्रिक टन, रबी सीजन मे अभी तक कुल 25+ लाख टन खाद उपलब्ध करा पाए है अभी 17+ लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता है। यूरिया की जरुरत 22-24 लाख मीट्रिक टन जबकि उपलब्धता 10 लाख टन के करीब हुई। आधा शॉर्टज है। डीएपी की जरुरत 10+ लाख मेट्रिक टन जबकि उपलब्धता 5 लाख टन के करीब हुई है, आधा शॉर्टज है।

## बंगलूरू में निर्माणाधीन इमारत ढही, 20 मजदूर फंसे, एक की मौत

**बंगलूरू।** बंगलूरू पूर्व के बाबू सपल्या इलाके में भारी बारिश के बीच निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इमारत के मलबे में 20 मजदूर फंस गए। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची बचाव टीमों ने 14 मजदूरों को बचा लिया है। जबकि पांच लोग लापता हैं।

बंगलूरू पूर्व के डीसीपी डी देवराजा ने बताया कि बाबू सपल्या इलाके में भारी बारिश के बीच इमारत ढह गई। इमारत ढहने के बाद आग लग गई। इसमें 20 मजदूर फंस गए। जबकि एक मजदूर की मौत हो गई। बचाव टीमों ने 14 मजदूरों को मलबे से निकाला है। जबकि पांच मजदूर लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल पर मौजूद एक युवक ने बताया कि यह सात मंजिला इमारत थी। दोपहर एक बजे जब घटना हुई तो यहां करीब 20 लोग थे। हमारे सात लोग यहां काम कर रहे थे, उनमें एक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार रात से भारी बारिश के चलते पूरे बंगलूरू में जलभराव की स्थिति बन गई है।

## अब इंडिगो-विस्तारा, एआई की 50 फ्लाइट्स में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के सूत्रों के मुताबिक, इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया की डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। पिछले 8 दिन में अब तक 170 से ज्यादा विमानों को ऐसी धमकी मिल चुकी है। मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों, और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली। विस्तारा और एअर इंडिया के प्रवक्ताओं ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले सोमवार को कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी।

## हिजबुल्ला ने ली नेतन्याहू के घर पर हमले की जिम्मेदारी

**लेबनान।** हिजबुल्ला ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हाल ही में हुए ड्रोन अटैक की जिम्मेदारी हिजबुल्ला ने ली है। हिजबुल्ला ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बयान में आतंकी संगठन ने कहा है कि हम हम नेतन्याहू को निशाना बनाने वाले ड्रोन ऑपरेशन की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। गौरतलब है कि बीते शनिवार को लेबनान से नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद इस हमले का शक हिजबुल्ला पर जताया जा रहा था। अब खुद हिजबुल्ला ने इसकी जिम्मेदारी ली है। इस हमले के बाद इस्राइली प्रधानमंत्री ने हिजबुल्ला को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। इस्राइली प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कह था कि ईरान के प्रॉक्सी हिजबुल्ला ने मेरी और मेरी पत्नी की हत्या का प्रयास करके गंभीर गलती की है। उनका यह प्रयास मुझे और इस्राइल को उसका भविष्य सुरक्षित रखने को लेकर हमारे दुश्मनों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने से रोक नहीं सकते। नेतन्याहू ने लिखा था, मैं ईरान और उसकी सहयोगियों से कहना चाहता हूं कि जो भी इस्राइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, आतंकवादियों और उन्हें भेजने वालों को मारना जारी रखेंगे। साथ ही नेतन्याहू ने कहा, हम गाजा से बंधक अपने नागरिकों को वापस लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस्राइल इस युद्ध के उद्देश्यों को पूरा करने और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा को चाकचौबंद करेंगे।

## भारत-चीन पेट्रोलिंग समझौते से बहाल होगा भरोसा : आर्मी चीफ

**नई दिल्ली।** पिछले चार साल से भारत-चीन के बीच चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए हुए गश्ती समझौते को लेकर सेना की तरफ से पहली बार आधिकारिक तौर पर बयान जारी किया गया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर हुए हालिया घटनाक्रमों पर बोलते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अप्रैल 2020 में चीन के साथ गतिरोध शुरू होने से पहले की यथास्थिति बहाल करने के भारत के कड़े रुख पर जोर दिया। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों की वापसी और तनाव कम करने के लिए उठाए गए जरूरी कदमों के बारे में बोलते हुए जनरल द्विवेदी ने अपने पुराने रुख को ही दोहराया है। इस महीने की शुरुआत में भी जनरल द्विवेदी ने कहा था कि जबतक पूर्वी लद्दाख में अप्रैल 2020 से पूर्व की स्थिति बहाल नहीं होती और पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट नहीं होता है, तब तक स्थिति तनावपूर्ण है और हम ऑपरेशनल रेडी हैं।

मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य मामलों पर रिसर्च और डॉयलॉग्स के लिए 1870 में स्थापित देश के सबसे पुराने थिंक-टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ की नई किताब एक जनरल की यादें के विमोचन समारोह में बोलते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है, हम अप्रैल 2020 की यथास्थिति पर वापस जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि एक बार जब यथास्थिति बन जाती है, तो पीछे हटने और तनाव कम करने के लिए आगे कदम उठाए जा सकते हैं।



उन्होंने कहा, इसके बाद हम पीछे हटने, तनाव कम करने और एलएसी मैनेजमेंट को लेकर विचार करेंगे। उन्होंने कहा ये यहीं खत्म नहीं होने वाला है और चरणों में आगे भी जारी रहेगा।

सेना प्रमुख ने अपने पुराने रुख को फिर से दोहराते हुए कहा कि गतिरोध की शुरुआत से ही भारत का रुख स्थिर बना हुआ है, जिसे सबसे पहले 2020 में नॉर्दन कमांड के तत्कालीन सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वाईके जोशी और उसके बाद के जनरलों ने व्यक्त किया था। सेना प्रमुख ने कहा, अप्रैल 2020 से हमारा रुख यही रहा है और आज भी यह वही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस पूरी कवायद का उद्देश्य एक शांतिपूर्ण हल निकालना है, ताकी बॉर्डर पर भरोसा और स्थिरता बनी रहे।

सेना प्रमुख ने आगे बोलते हुए कहा कि हम विश्वास बहाली की कोशिश कर रहे हैं। और यह कैसे बहाल होगा? अगर हम एक-दूसरे से बातचीत करें, तो जो भरोसा टूट गया है, वह फिर से बहाल हो जाएगा। हम एक-दूसरे को यह समझाने में सक्षम हैं कि जो मौजूदा बफर जोन बनाए गए हैं, उनमें घुसपैठ न हो। जनरल द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में विश्वास बहाली को लेकर भारत और चीन के बीच अभी तक जो हुआ है, उसमें एलएसी पर बफर जोन का बनाया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन दोनों पक्षों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन क्षेत्रों का सम्मान किया जाए।

# चितरंगी पुलिस ने अंधी हत्या का किया खुलासा

आपसी विवाद के बाद प्रेमी रस्सी से गला दबाकर फेंक दी थी कुंए में

पति को मजदूरी करने जाने के बाद प्रेमी को बुलाती थी प्रेमिका

मृतक के साथ आरोपियो का लंबे समय से चल रहा था प्रेम प्रसंग




सिंगरौली

चितरंगी थाना क्षेत्र के ओड़ागी के गड़ई टोला में बीते दिनो कुंए में युवक का शव मिला था। जिसका चितरंगी पुलिस ने आज मंगलवार को खुलासा किया है। बताया गया कि मृतक की मौत उसकी प्रेमी के द्वारा रस्सी से गला दबाकर की गई थी। आरोपिया प्रेमिका का पति जब घर से बाहर मजदूरी करने चला जाता था तो प्रेमिका अपने प्रेमी मृतक को घर पर मिलने के लिए बुलाया करती थी। बीते दिनों प्रेमी और प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जहां प्रेमिका ने गुस्से में आकर प्रेमी को सो जाने के बाद रस्सी के गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया और शव को कुएं में फेंक दिया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है।

घटना के संबंध चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने बताया कि 18 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम ओडांगी गडई टोला रामलखन कोल के कुएं में अज्ञात व्यक्ति की लाश पडी हुई है। सूचना पर थाना प्रभारी चितरंगी पुलिस टीम व एफएसएल टीम के साथ ग्राम ओडांगी घटना स्थल पहुंचे। घटना स्थल ग्राम ओडागी रामलखन कोल के कुएं का एवं आस पास का बारीकी से निरीक्षण किया। थाना चितरंगी में मर्ग कायम की गई। मर्ग की मौके से जाँच की गई मृतक कि पहचान रामकुमार कोल पिता लक्षन कोल उम्र 21 वर्ष निवासी बरगवां थाना गढवा जिला सिंगरौली के रुप में हुई। सम्पूर्ण मर्ग जाँच के दौरान एकत्र किये गये साक्ष्य के आधार पर थाना चितरंगी में धारा 103/238 बीएनएस की कायम कर विवेचना मे लिया गया।

## पति को मजदूरी पर जाने के बाद प्रेमी को घर पर बुलाती थी आरोपिया प्रेमी

विवेचना के दौरान आसपास के व्यक्तियो से पूछताछ पर व घटना स्थल पर पाये गये साक्ष्य के आधार पर संदेही सूई गीता देवी पति फ ूलकुमार कोल उम्र 24 वर्ष से पूछताछ पर बताई कि मृतक रामकुमार कोल पिता लक्षन कोल के साथ मेरा प्रेम संबध था। तीन माह पूर्व मेरा पति जब भोपाल मजदूरी करने चला गया तब रामकुमार कोल मुझसे मिलने आया करता था। 14 अक्टूबर को दिन में घर मे रूका रहा। शायं को किसी बात को लेकर दोनो मे मन मुटाव होने पर रामकुमार कोल को सोते समय रस्सी से गला दबा दी जिससे उसकी मौत हो गई।

## आरोपिया ने साक्ष्य छुपाने का भी किया था प्रसास

मौत होने के पश्चात अपने पति फू लकुमार को सूचना दी तब फू लकुमार व्दारा की लाश को कुआ मे फेंक दिया तथा उसके मोबाईल को तोडक़र फेंक दिया व रस्सी के कुछ भाग को जला दिये। गीता देवी व्दारा मृतक रामकुमार कोल का मोबाईल फोन टूटी हालत मे, रस्सी काटने का पहसूल तथा जली हुई रस्सी का भाग तथा रस्सी बरामद करा दी है। दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय देवसर के समक्ष जे आर पर प्रस्तुत किया गया है।

# सौ किलोमीटर का सफर कर दिव्यांग कलेक्टर से आवास के लिए लगाई गुहार, व्यवस्था पर सवाल



**सिंगरौली।** एक ओर सरकार गरीबों को छत मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलायी जा रही है। वहीं दूसरी ओर एक गरीब दिव्यांग हैं, जिन्हें आवेदन के बावजूद आवास नहीं मिल सका है। जिला प्रशासन की अव्यवस्था का पोल तब खुला जब दिव्यांग जनसुनवाई में आवास और शौचालय के लिए पहुंचा। सरई के कछरा गांव निवासी दिव्यांग की इन्हीं हालातों में जिंदगी गुजर बसर कर रहे हैं।

गौरतलब है कि सरई तहसील में आवास योजना के क्रियान्वयन पर सवाल है। यहां के गछरा गांव निवासी दिव्यांग लल्ले यादव पिता बदुआ यादव को आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि दिव्यांगों को आवास देने की प्राथमिकता है। पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी गरीब दर.दर भटक रहे हैं। वह अपनी पीड़ा लेकर सरपंच, सचिव, तहसील, ब्लाक व जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगा कर थक चुके हैं। हर जगह से निराशा ही हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि अक्सर सुनने में आता था कि दिव्यांग लोगों को शौचालय व आवास की सुविधा सरकार प्राथमिकता के साथ दे रही है। इसी सूचना के आधार पर कई बार जिम्मेदारों के दर पर दौड़ लगाया लेकिन अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे।

## आवास के लिए कोई सार्थक नहीं हुई

दिव्यांग लल्ले यादव ने बताया कि एक टूटा-फू टा छप्पर का आशियाना है। सचिव अजय पांडे और सहायक सचिव पारस कुशवाहा से सिर्फ आश्वासन मिलता है। सिर पर छत के लिए कोई सार्थक पहल नहीं कर रहाए जिसके चलते दिव्यांग निराश हैं। उनकी सर्दीए गर्मी और बरसात की रात छप्पर में गुजर रही है। दिव्यांग ने कहा कि दोनों पैर नहीं होने से ज्यादा दूर तक आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मेरे घर में शौचालय नहीं हैं। कई बार सचिव सरपंच से शौचालय की मांग किया लेकिन मिला नहीं। दिव्यांग ने कहा कि ठंडीए बरसात और गर्मी में शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है। वह सबसे कठिन भरा समय रहता है।

# आयुक्त ने किया शहर के नवाचारों का मुआयना



सिंगरौली

प्रातःकालीन भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त डी के शर्मा द्वारा स्वच्छता व्यवस्था का जमीनी निरीक्षण के दौरान शहर में स्थित मिश्रा पॉली क्लिनिक एंड नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। उक्त भ्रमण के दौरान नर्सिंग होम द्वारा किए जाए जा रहे बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन की जानकारी मांगी गई और संबंधित संस्था के साथ एग्रीमेंट की जांच की गई और उपलब्ध सुविधाओं के लिए विस्तृत जानकारी ली गई। जिसमे फायर फाइटिंग के निर्देशों का पालन एवं मरीजों और उनके परिजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया। मिश्रा पॉली क्लिनिक एंड नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. डीके मिश्रा द्वारा निगम की टीम को अस्पताल में उत्पन्न कचरों का निष्पादन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। उक्त भ्रमण के दौरान उपायुक्त आर पी बैस,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी, सीटाडेल प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह,दरोगा अशोक त्रिपाठी,सीटाडेल प्रबंधन से विवेक सिंह, विनय पांडेय और रोहित चौरसिया,आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला की उपस्तिथि रही।

# अक्टूबर माह का वेतन 28 तक जारी करने का आदेश

**सिंगरौली।** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सभी शासकीय सेवकों के एक नवंबर को देय अक्टूबर माह के वेतन का आहरण 28 अक्टूबर की स्थिति में करने के लिए सभी विभागों को कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा आदेशित किया गया है। जारी आदेश के परिपालन में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 के वेतन, मानदेय, पारिश्रमिक एवं आउट सोर्स कर्मचारियों का भुगतान दीपावली पर्व के चलते 28 अक्टूबर तक आहरित किया जाए। वेतन देयक समय पर कोषालय में प्रस्तुत न करने की स्थिति में जिम्मेदारी आहरण एवं संवितरण अधिकारी की होगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, निकाह योजना की तिथियां निर्धारित

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के उपायुक्त आरपी बैस ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक रूप से आयोजित विवाह, निकाह कार्यक्रमो की की तिथिया निर्धारित की गई है। जिसके तहत 18 नवम्बर 2024 को नगरीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह निकाह में भाग लेने के लिए पात्र हितग्राही 4 नवम्बर दिन सोमवार तक अपना पंजीयन करा सकते है। इस तरह से 9 दिसम्बर 2024 दिन सोमवार आयोजित सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम के लिए हितग्राही 25 नवम्बर तक पंजीयन कर सकते है। उपायुक्त श्री बैस ने बताया कि 3 जनवरी 2025 को आयोजित सामूहिक विवाह निकाह योजना का लाभ लेने के हितग्राही 20 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते। इस प्रकार 6 फरवरी को आयोजित सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हितग्राही 23 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते। उन्होंने बताया कि 7 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह निकाह हेतु पंजीयन 24 फरवरी 2025 तक किया जायेगा।

# 182 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 182 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कई आवेदको की समस्याओं का त्वारित निराकरण कराया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई आयोजित

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान सीएसपी पीएस परस्ते, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, चौकी प्रभारी खुटार साहबलाल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र एसपी के समक्ष में प्रस्तुत किये गये। जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

# हितग्राही मूलक योजनाओं का पात्र हितग्राहियो को शत प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित करे : कलेक्टर

**सिंगरौली।** हितग्राही मूलक योजनाओं का विभागीय अधिकारी लक्ष्य के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करे। तथा नकली खोवा, छेना, सहित मेडिकल दुकानो में नकली दवाई कि ब्रिक्री सहित कम मात्रा में ग्राहको को पेट्रोल डीजल देने वाले पेट्रोल पंम्पो की औचक जॉच कर विभागीय अधिकारी पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करेगे। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया। कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये जिले में बाहर से आने वाले मिलावटी खोवा मावा को रोकने के उद्देश्य से जॉच दल का गठन किया गया है। तथा निर्देश दिये कि संबंधित दल में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रा में नियमित रूप से मिठष्ठान दुकानो सहित दूध डेयरी की नियमित जॉच कर सैम्पल भी कलेक्टर कर जॉच के लिए प्रयोगशाला में भेजे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संबंधित दल मिलावटखोरो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही भी किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस आशय के निर्देश दिये कि जिले में संचालित मेडिकल दुकानो की जॉच कराये तथा ऐसे मेडिकल दुकाने जहा से प्रतिबंधित दवाईयो नकली दवाईयो का विक्रय किया जाता उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करे। साथ ही अपर कलेक्टर एवं एसडीएम को भी इस आशय के निर्देश दिये कि अपने स्तर से दल गठित कर जिले में संचालित पेट्रोल पम्पो की जॉच कराये कि पेट्रलपम्पो से ग्राहको को निर्धारित माप के अनुसार पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है। तथा ऐसे पेट्रोल पम्प जहा पर निर्धारित माप दण्ड के अनुसार ग्राहको को सेवा नही दिया जा रहा उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करे। साथ ही साथ जिले में संचालित सभी पेट्रोल पम्पो का संचालन निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ही कराया जाये। कलेक्टर ने बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाईन के साथ साथ जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो, लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रो की समीक्षा करते हुये समय सीमा के अंदर आवेदन पत्रो का निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही छात्रावासो की शत प्रतिशत जॉच करने के साथ साथ मेडिकल कैम्प आयोजित कर अध्ययनरत छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य जॉच कराये जाने के निर्देश दिये। वही प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश देते कहा कि अभी भी लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड नही बनाया गया है। जिसे तत्परता के साथ लक्ष्य के अनुसार कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# आप पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का रैली निकाल कर हुआ स्वागत

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद को बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जहां नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की अगुवाई के लिए विशाल रैली भ्रमण का आयोजन किया गया है। वहीं पार्टी कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। सभी ने पार्टी निर्णय की सराहना की। इस दौरान आप पार्टी का जमावड़ा लगा रहा। बता दें कि आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा बीते 4 अक्टूबर को रतिभान प्रसाद को सिंगरौली जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अब सम्मान समारोह व भ्रमण रैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान ढोल नगाड़ों के साथ रैली निकाली गई। बताया गया कि रैली पार्टी जिला कार्यालय माजन मोड़ से जयंत नेहरू शताब्दी, अभेद आश्रम रोड, नवजीवन विहार होते हुए इंदिरा चौक औल विंध्य नगर रोड होते हुए अंबेडकर चौंक पहुंची। जिसके बाद अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली माजन मोड़ पार्टी कार्यालय पहुंच समापन किया गया। उक्त सम्मान समारोह व रैली में पार्टी के पदाधिकारियो के साथ-साथ कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# कलेक्टर ने आगामी दीपावली में मिलावटखोरों के विरुद्ध दल गठित कर जांच के दिये निर्देश

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त पत्र के द्वारा सिंगरौली जिले में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु सघन जांच की कार्यवाही के निर्देश दिये कि आगामी दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के दौरान व्यापक पैमाने पर मावे एवं अन्य खाद्य पदार्थो से बनी मिठाईयों की बिक्री होने की संभावित है। अत: त्यौहारों के दौरान मिलावटी मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों का विक्रय प्रतिबंधित किये जाने एवं मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के दृष्टिकोण से सिंगरौली जिले में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों के निरीक्षण हेतु जांच दलों का पुनर्गठन किया गया है । उन्होंने निर्देश दिए कि सबंधित अधिकारी आज से ही आबंटित कार्यक्षेत्र में सघन अभियान चलाया जाकर खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों, दुकानों का निरीक्षण कर मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्रभावी कार्यवाही करें। इसके साथ ही अधिनियम के अंतर्गत मौके से इन खाद्य पदार्थो के लीगल एवं सर्विलेंस नमूने जांच हेतु विधि अनुरूप संग्रहित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजना सुनिश्चित करें । उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जांच के दौरान लिये गये लीगल नमूनों की जांच रिपोर्ट असुरक्षित पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला सिंगरौली संबंधित कारोबारियों के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार न्यायालयीन कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्देशित किया की उपरोक्त के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी समीक्षा हेतु साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में प्रस्तुत करें। साथ ही समय - समय पर जानकारी संकलित कर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश भोपाल को प्रेषित करना सुनिश्चित करें । निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों से खाद्य सुरक्षा मानक ( खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन एवं पंजीयन) निनियम, 2011 की में प्रावधानित शर्तो का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर बेटे ने पिता को डंडे से मार कर किया घायल

जमीनी नाप जोख करने गए पटवारी और आरआई कई बार वापस लौटाया

एक साल से बेटा जान से मारने की दे रहा धमकी



**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनी बार्ड में संपत्ति बंटवारे को लेकर एक कलयुगी बेटे ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर अपने पिता की लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जहां पत्नी और छोटे बेटे ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल शहर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। घायल पिता ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारी और आरआई कई बार जमीन नापने आए लेकिन बेटा शराब के नशे में बवाल करने लगता है जिसके चलते नाप जोक नहीं हो पाती। बेटे के खिलाफ पुलिस से पिछले एक साल से शिकायत कर रहा हूं यदि पुलिस चाहती तो यह घटना नहीं होती।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 29 बिलौहा टोला निवासी राम जी साहू ने बताया कि उसके तीन पुत्र हैं। उसने अपनी पुश्तैनी जमीन के तीन हिस्से कर बेटों को दे दी। बड़ा बेटा राम दुलारे पांच डिसमिल जमीन के लिए एक साल से विवाद कर रहा है। पुश्तैनी जमीन बंटवारे के लिए जमीन की नाप जोख करने के लिए चार बार पटवारी और दो बार आर आई पहुंचे थे लेकिन बड़ा बेटा शराब के नशे पर मौके पर हंगामा शुरू कर देता है जिसके कारण राजस्व विभाग को मजबूरन बिना जमीन की नाप जोक किये वापस जाना पड़ता हैं। पीड़ित राम जी साहू ने बताया कि इस विवाद में उसकी पत्नी और बेटा भी बराबर साथ दे रहे हैं। रविवार को बड़े बेटे बहू और नाती मिलकर मारपीट करने लगे। नाती अपने बाबा को पीछे से पकड़ रखा था और बड़ा बेटा शराब के नशे में डंडा और पत्थरों से मार रहा था। बेटे ने पत्थर मारा तो खुद को बचाने के लिए लाचार बाप नीचे झुक गया। जहां पीछे से पकड़ रखे नाती को वह पत्थर जा लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कलयुगी बेटा लगातार एक साल से जान से मारने की धमकी दे रहा था जिसकी कई बार शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की नतीजा बाप के साथ अपराधी प्रवृत्ति के बेटे ने मारपीट की घटना कौन जान दे दिया।

## पुलिस पर झूठा मुकदमा लगाने के आरोप

पीड़ित ने बताया कि कोतवाली पुलिस से 9 सितंबर 2023 को बड़े बेटे राम दुलारे साह के खिलाफ शिकायत किया था। लेकिन पुलिस ने मेरे और मेरे छोटे बेटे के खिलाफ कई धाराओं पर मामला दर्ज कर हमें परेशान करने लगी। जबकि राम दुलारे अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ डीजल चोरी, मारपीट सहित कई मामले दर्ज हो चुके हैं बावजूद इसके पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। अब तक करीब तीन बार बेटे के खिलाफ शिकायत कर चुका हूं लेकिन अभी तक पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।

# जीवन के नैतिक मूल्य एवं शिष्टाचार विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न





सीधी

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत ''जीवन के नैतिक मूल्य एवं शिष्टाचार'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक श्री धर्म किशोर मिश्रा ने कहा कि युवा बुजुर्गों की सलाह ले कर अपने जीवन के नैतिक मूल्यों में सुधार कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राम प्रसाद तिवारी ने छात्रों से कहा कि अगर आप अनुशासित रहते हैं तो निश्चित रूप से आप आगे चलकर सफल होंगे। उन्होंने शिक्षा पर बघेली कविता भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री धीरज नामदेव ने स्व अनुशासन पर जोर देते हुये समय के सदुपयोग की बात कही। आमंत्रित वक्ता के रूप में शिक्षक श्री के.के.मिश्रा ने रामचरित मानस की चौपाइयों के माध्यम से अपनी बात कही।

उन्होंने छात्रों को अपना नैतिक आचरण उच्च रखने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ विद्वान डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने की। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ ज्योति रजक ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की डॉ संगीता मिश्रा, डॉ अमिता खरे, डॉ संध्या वर्मा, डॉ निशा सिंह, डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ राजेश पटेल, डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा, डॉ कमलेश जायसवाल, श्री प्रवीण साकेत, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रा उपस्थित थे।

## वैश्य महासम्मेलन द्वारा नेत्र परीक्षण कराया गया

**सीधी।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सीधी द्वारा विशाल नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर मोतिया बिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। सद्गुरु नेत्र जांच केंद्र पंडित दीनदयाल कॉलोनी सीधी में दिन मंगलवार को प्रात: 10ः00 बजे से लेकर दोपहर 2ः00 बजे तक नेत्र परीक्षण किया गया जहां मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया एवं वही ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच भी निशुल्क की गई। ऑपरेशन के दौरान बीपी एवं शुगर की समस्या होने के कारण टाइम लगता था। इसको देखते हुए वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महा मंत्री भोला प्रसाद गुप्ता ने निर्णय लिया कि ब्लड शुगर एवं बीपी की भी जांच करा कर मरीजों को सुविधा दी जाए ताकि ऑपरेशन में समय की बचत हो। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष आलोक केसरी, संभागीय अध्यक्ष महिला कंचन केसरी, जिला प्रभारी गोपाल प्रसाद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पूनम सोनी, तहसील अध्यक्ष महेंद्र श्रॉफ तहसील महामंत्री सत्यप्रसाद नामदेव, महिला सदस्य निशा नामदेव सहित नेत्र चिकित्सा, ब्लड शुगर एवं बीपी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# जेएनवी चुरहट में एनसीसी शिविर का गरिमामय शुभारंभ

सीधी

जेएनवी चुरहट में 3 एमपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 तक संचालित होने वाले 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ कमान अधिकारी संदीप जसपाल द्वारा किया गया, जिसमें रीवा, सीधी, सिंगरौली व मऊगंज जिले के लगभग 19 संस्थाओं के 380 कैडेट द्वारा सहभागिता की जा रही है। कैम्प में 3 एमपी बटालियन के प्रशिक्षकों द्वारा सैन्य विषयों में एवं सहयोगी एनसीसी अधिकारियों द्वारा सामान्य विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि कैडेट्स में एकता एवं अनुशासन के साथ सेना को नजदीक से जानने एवं उनकी दिनचर्या को जीने का अवसर प्राप्त हो सके। इस कैंप में सेना के उपयोग आने वाले विषयों जैसे मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण, ड्रिल शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ



व्यक्तित्व विकास, समाज सेवा एवं कैडेट्स के सर्वांगीण विकास हेतु समस्त जीवन कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को कैडेट्स के रूप में अच्छे जीवन मूल्य वाले नागरिक तैयार करना है। साथ ही अग्नि वीर योजना में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त शिविर के उद्घाटन सत्र में कमान अधिकारी द्वारा एनसीसी शिविर के उद्देश्य एवं कैडेट्स के लिए कैंप की आवश्यकता की सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर सहयोगी एनसीसी अधिकारियों एवं पीआई स्टाफ की सहभागिता रही। इस कैंप के सफल संचालन में जेएनवी प्राचार्य चुरहट विपिन शुक्ला का विशेष सहयोग रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के खिलाड़ियों का हुआ संभागीय जूडो टूर्नामेंट में चयन



**सीधी।** सिंगरौली जिले बैढ़न के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय राज नारायण स्मृति महाविद्यालय में 15 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तर पुरुष और महिला जूडो प्रतियोगिता में सीधी जिले के बच्चों का चयन हुआ था जिसमें सीधी जिले के तीन बालक और तीन बालिकाओं का संभागीय स्तर में चयन हुआ। बालक वर्ग में 60 किलोग्राम में प्रियंचाल सिंह चौहान, 100 किलोग्राम शिवम चौहान व गौरव रैकवार का और बालिका वर्ग में 57 किलोग्राम में रिया द्विवेदी, 63 किलोग्राम में आयुषी मिश्रा, 70 किलोग्राम भार वर्ग में श्रद्धा कुशवाहा का संभागीय स्तर जूडो प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सभी चयनित खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में सीधी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र सिंह व महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को आगे होने वाले प्रतियोगिताओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एआई पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में आई. आई. टी. नई दिल्ली के सहयोग से संचालित होने वाले दो सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम ए आई एवं ए आई विद फिनटेक में प्रवेश हेतु परीक्षा ( एप्टीट्यूड टेस्ट) का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा दिनांक 05.11.2024 को प्रात: 10:30 पर महाविद्यालय में निर्धारित कक्षों में आवंटित रोल नंबर के अनुसार संचालित की जायेगी। यह परीक्षा टिक मार्क पद्धति पर आधारित है अर्थात् परीक्षार्थी को उत्तर शीट में नीले पेन से सही का निशान लगाना हैं। परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी।




सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सभी परीक्षार्थी पहचान पत्र कें रूप में महाविद्यालय द्वारा जारी आईडी कार्ड/ आधार कार्ड/डाईविंग लाईसेंस/ वोटर कार्ड/पेन कार्ड दस्तावेज अपने साथ लेकर जरूर आए। परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा कक्ष में नीले बाल प्वाइंट पेन के साथ एक आईडी कार्ड के अतिक्ति किसी भी प्रकार की सामग्री लेकर जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। छात्रों को आवंटित रोल नं. की सूची महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसमें अपना अनुक्रमांक अवलोकित कर निर्धारित कक्ष में परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

# जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**सीधी।** जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 49 टीमों ने पंजीकरण कराया था जिसमे 45 टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छात्रों से जैव विविधता से संबंधित बहुत सारे सवाल पूछे गए, जिसे छात्रों ने बड़ी ही वेवाकी से जवाब दिया। लिखित क्विज प्रतियोगिता पश्चात परिणामों की घोषणा की गई। जिसमे प्रथम स्थान पर उत्कृष्ट विद्यालय सीधी ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शासकीय सीएम राइज विद्यालय सिहावल तथा तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुम्मा ने प्राप्त किया। विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र एवम पदक से सम्मानित किया गया। सभी सहभागी छात्रों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ फॉरेस्ट रामेश्वर टेकाम ने छात्रों को संबोधित किया। प्रतियोगिता के संयोजक उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता वनमण्डलाधिकारी सीधी के निर्देशन और जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस क्विज प्रतियोगिता का कुशल संचालन जिला क्विज मास्टर वीरेंद्र सिंह बघेल, ओंकार केशरी तथा राजवली सिंह के द्वारा किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त विजेता टीम को 12 नवंबर को राज्य स्तरीय ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

# नशा मुक्ति एवं शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सीधी

नेहरू युवा केन्द्र सीधी ''युवा कार्यक्रम एवं भारत सरकार'' एवं सरास्वती शिशु मंदिर विद्यालय जोगी पहाड़ी दादर के सहयोग से नशा मुक्ति एवं शिक्षा जाकरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 अक्टूबर को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरास्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एम.एस. बाघेल सेवा निवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष रामदयाल कोल सरपंच ग्राम पंचायत दादर तथा विशिष्ट अतिथि रोहिणीरमण मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत चंदोही डोल एवं विधायक प्रतिनिधि धौहनी रहे।

कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन सिंह कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र सीधी द्वारा उक्त कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए नशा एवं जीवन कौशल के बारे में बताते हुए कहा कि नशा जीवन में परिवार के साथ साथ समाज को भी दूषित करता है इससे दूरी बनाकर रहना चाहिए। जीवन कौशन में 14 वर्ष के युवाओं में होने वाले विकाश को बताया और नशे से दूर रहने को कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एम.एस. बाघेल सेवा निवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी द्वारा बतया गया कि नशा नाश का जड़ है नशा चाहे किसी भी तरह का हो जैसे बीडी, सिगरेट, पान, गुटका आदि समाज के बाधक है कुछ नशा विदेश से भी हमारे देश में आया है उसका उपयोग भी हम सब कर रहे है जैसे चाय जिसमे निकोटीन पाया जाता है ये भी नशे वाला ही पदार्थ है इसका सेवन करने से हमे और युवा वर्ग के लोगो को भी बचना चाहिए।

इसी प्रकार से कार्यक्रम के अध्यक्ष रामदयाल कोल सरपंच ग्राम पंचायत दादर तथा विशिष्ट अतिथि रोहिणीरमण मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत चंदोही डोल एवं विधायक प्रतिनिधि धौहनी, कमलेश कुमार केवट अध्यक्ष सरास्वती युवा मंडल दादर एवं हरीश द्विवेदी अध्यक्ष गुरूकृपा युवा मंडल चमरौंही ने अपने अपने विचार प्रकट किये साथ ही इनका सहयोग सराहनीय रहा।

# मुख्यमंत्री ने मान्या पाण्डेय को किया सम्मानित

## लोक गायिका को सौंपी शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी

**सीधी।** विंध्य की बेटी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में बुलाकर सम्मानित किया। इस दौरान जन सम्पर्क आयुक्त सुदामा खेड़, सोशल मीडिया सेल के प्रभारी सहायक संचालक सुनील वर्मा भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर मान्या पाण्डेय ने आदिवासी गीत टप्पा मोदी और यादव जुगुल जोड़ी, विकास में कमी नहीं छोड़ी और एमपी का कण कण खिला मोहन जैसा भाइया मिला। जिसे सुनकर कर मुख्यमंत्री मंत्रमुग्ध हो गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने



कहा कि इस छोटी सी बच्ची में काफी प्रतिभा है। हमारी सरकार मान्या पाण्डेय की प्रतिभा और कला को आगे बढ़ाने में भरपूर मदद करेगी। प्रदेश सरकार प्रदेश की हर क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने लोक गायिका मान्या पाण्डेय को शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी भी सौंपी। जन सम्पर्क विभाग, मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग निगम के द्वारा भी सम्मानित किया गया। लोक गायिका मान्या पाण्डेय विगत कई वर्षों से मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का अपने गीतों का प्रचार-प्रसार करती आ रही है और जन सम्पर्क विभाग ने उन्हें प्रतिभाशाली व्यक्ति इन्फ्यूएंसर भी नियुक्त किया है।

# एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव मनोज को मिला असम का प्रभार

**सीधी।** कांग्रेस पार्टी के युवा चेहरे और हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से राष्ट्रीय सचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी के पद से नवाजे गए मनोज चौहान को अब असम का सह-प्रभारी बनाया गया है।

बताते चलें कि उन्हें विगत दिनों हरियाणा का सह प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया था। जिला मुख्यालय के दक्षिण करौंदिया, मुठिगवां से ताल्लुक रखने वाले मनोज चौहान ने कांग्रेस और देश की राजनीति को एक जुनून और मिशन के रूप में आत्मसात किया है।

कांग्रेस ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा को तरजीह देते हुए अतीत में उन्हें वर्ष 2009, 2010, 2011 में भारतीय युवा कांग्रेस के संगठन के चुनावों में क्रमश: झारखंड, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के प्रदेश प्रभारी का दायित्व सौंपा था जबकि



वो 2015 से 2018 तक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव भी रहे हैं। उसके बाद वो 2018 व 2023 में एआईसीसी के सदस्य चुने गये।

### कई राज्यों के रह चुके हैं पर्यवेक्षक व प्रभारी

मनोज चौहान की पार्टी के प्रति लगन, निष्ठा तथा समर्पण को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से 2017 में दिल्ली व 2022 में नागालैण्ड के कांग्रेस के संगठन के चुनावों के लिए प्रदेश प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां भी सौंपी गईं थीं।

अभी हाल ही में 2024 के लोकसभा के चुनाव में उन्हें आन्ध्रप्रदेश का एआईसीसी पर्यवेक्षक भी बनाया गया था। इसके अलावा वो दर्ज़न भर राज्यों में एआईसीसी की तरफ़ से बतौर पर्यवेक्षक के रूप में काम कर चुके हैं। हाल ही में कांग्रेस ने उन्हें एक कुशल संगठक बतौर हरियाणा का सह-प्रभारी भी बनाया था।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मनोज चौहान को पार्टी ने संगठन में उनकी संजीदगी भरी मेहनत और ईमानदार छवि के चलते अब उन्हें चुनौती भरे असम जैसे राज्य का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। एक कुशल रणनीतिकार के नाते पार्टी को श्री चौहान से वर्ष 2026 में असम में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में सार्थक माहौल का निर्माण करते हुए कांग्रेस के पक्ष में अनुकूल परिणामों की अपेक्षा है।

# क्षतिग्रस्त सोन नदी पुल में भारी वाहनों पर पाबंदी नहीं

## कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

सिहावल

जनपद क्षेत्र के अंतर्गत सोन नदी के जोगदह छतिग्रस्त पुल सत्ता पक्ष और विपक्ष नेताओं के लिए राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। भोली-भाली गरीब आम जनता बस में यात्रा करने वाले पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित है। इन रेत माफिया को रेत से लदे ओवरलोड हाईवा एक साथ पुल पर चार-चार हाईवे जो की वीडियो में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। आज सोमवार को सुबह 6:28 बजे देखा गया कि यहां भारी वाहनों की आवाजाही लगी रही। देखा जाए तो इसी मार्ग से जिला प्रशासन सिहावल एसडीम सहित कई अधिकारी एवं नेता गुजरते हैं लेकिन उन्हें यह विडंबना नहीं दिखती है। जब तक बड़ी हादसा नहीं होगी तब तक प्रशासनिक अमले एवं नेताओं की नींद नहीं खुलेगी।

वहीं रेत से लदे हाईवे दिनदहाड़े रात दिन 24 घंटे निकलते देखे जा रहे हैं। प्रशासन के ध्यान ध्यान तक नहीं है। सोन घड़ियाल के अधिकारियों से भी बात हुई, उन्होंने यह कहा कि हम अभी छुट्टी पर हैं, कल आकर देखते हैं। जब इतने सारे बजन लेकर हाईवे निकल रहे हैं तो आम बस की यात्री क्यों नहीं निकल सकती। सवाल प्रशासनिक व्यवस्था पर है, आखिर इस तरह की दोहरा रवैया क्यों। इस पर कार्यवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पहल करने की जरूरत है।

# फोरव्हीलर की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**सीधी।** जिले के एक पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात फोर व्हीलर ने बाईक सवार को टक्कर मार दी। जिससे एक की मौत हो गई जबकि दूसरा संजय गांधी हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती है। उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। बताया गया है कि 20 अक्टूबर को एनएच 39 में लोही पेट्रोल पम्प के पास करीब रात्रि 10:30 रीवा तरफ से मोटर सायकल क्रमांक एमपी 53 जेडडी 1166 में सवार हो कर अपने घर मोहनिया आ रहे थे, सीधी से रीवा तरफ जा रही फोरव्हीलर क्रमांक एमपी 17 टीए 3051 लापरवाही पूर्वक तेज गति से मोटर सायकल को टक्कर मार दो युवकों को सडक़ में गिरा दिया और गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। जिसमें कि मृतक देवेंद्र कुमार गुप्ता पिता सुदामा प्रसाद गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी मोहनिया थाना चुरहट जिला सीधी एवं घायल अनीश कुमार सेन पिता सियाशरण सेन उम्र 26 वर्ष निवासी मोहनिया थाना चुरहट घायल हुए



हैं। घटना स्थल के ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा पहुंचाया गया, जहां अस्पताल पहुंचते ही देवेंद्र गुप्ता ने दम तोड़ दिया और अनीश सेन जीवन और मौत से संघर्ष झेल रहा है। घायल अनीश को जब सुबह 21 अक्टूबर को होश आया तो गांव के एक लडक़े को मोबाइल नंबर बताया जिससे मृतक के परिजन तत्काल रीवा पहुंच कर मृतक की पहचान करके घटना की बिछिया रीवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## संपादकीय

# डिजिटलाइज्ड होने के बावजूद भी हो रहे रेल हादसे

तमाम कोशिशों के बावजूद रेल हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे। हर हादसे के बाद खामियों को दुरुस्त कर लेने के वादे और इरादे दोहराए जाते हैं, मगर फिर वही ढाक के तीन पात निकल आते हैं। शुक्रवार की शाम चेन्नई से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस कवरैप्पेट्टै स्टेशन पर खड़ी माल गाड़ी से टकरा गई। टकराने से गाड़ी के एक डिब्बे में आग लग गई और करीब पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। बीती जून में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस भी इसी तरह मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें लोकोपायलट समेत दस लोगों की मौत हो गई थी। उसके कुछ दिनों बाद ही जुलाई में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही गाड़ी उत्तर प्रदेश के गोंडा में पटरी से उतर गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए थे।पिछले एक साल में ही ओड़ीशा के बालासोर के बाद अब तक करीब आठ बड़ी रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हर हादसे के बाद रेलमंत्री चिंता जताते, मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा करते और जल्दी ही रेल दुर्घटनाओं पर काबू पा लेने का रटा-रटाया संकल्प दोहराते देखे गए।विचित्र है कि एक तरफ तो तेज रफ्तार गाड़ियां चलाने का खाका खींचा जाता है, वंदे भारत जैसी गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है, स्टेशनों का रखरखाव निजी हाथों में सौंप कर यात्री सुविधाओं में बेहतरी का श्रेय लूटने की कोशिश की जाती है और दूसरी तरफ मुसाफिरों की सुरक्षा को लेकर जो उपाय किए जाने चाहिए, उसमें शिथिलता नजर आती है। जब भी कोई रेल हादसा होता है तो कवच नामक उपकरण की बात उठती है। सरकार ने खूब बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि कवच लग जाने के बाद गाड़ियों के टकराने और दुर्घटनाग्रस्त होने से निजात मिलेगी। मगर अभी तक इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है।सरकार खुद मानती है कि कवच लगाने का काम धीमी गति से चल रहा है, उसे तेज किया जाएगा। आंकड़ों में रेल पटरियों के विस्तार, पुलों की मरम्मत और गाड़ियों की संख्या आदि बढ़ाने की मोहक सूचनाएं प्रसारित की जाती हैं, मगर हकीकत यही है कि रेलगाड़ी का सफर भरोसेमंद नहीं रह गया है।

**हत्यारे बेरहमी से अंकुर के शरीर को गोदते रहे। उसके सीने, गर्दन, पेट और जांघों पर गंभीर चोटें आईं। हिमांशु को भी चाकू से घाव लगे। इसके बावजूद वह किसी तरह अपने लहूलुहान भाई को ई-रिक्शा में लादकर पास के अस्पताल पहुंचा। तब तक अंकुर के प्राण-पखेरू उड़ चुके थे। आपने पहले भी ऐसे तमाम हादसों के बारे में पढ़ा-सुना होगा, जब कोई घायल हो गया अथवा किसी हमले में दम तोड़ने लगा, तो लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो रील बनाने में मशगूल हो गए। ऐसा करने वाले भूल क्यों जाते हैं कि वे इसी समाज का हिस्सा हैं और कभी उन्हें भी संवेदना और सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है?**

# सड़कों पर पसरता संकट

(शशि शेखर)

रोडरेज के ज्यादातर मामले तो पुलिस के रोजनामचों तक पहुंच ही नहीं पाते हैं। केवल गंभीर मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। एक और बात। इस कॉलम के लिए रिसर्च करते वक्त मैंने पाया कि न केवल आंकड़े आधे-अधूरे हैं, बल्कि बेहतरीन शोधार्थियों की भी दृष्टि इस मुद्दे पर नहीं पड़ी है । कृपया इन पंक्तियों को गौर से पढ़िए। यह किसी पुलिस थाने के रोजनामचे में दर्ज एक हादसा भर नहीं है। यह समय का वह दस्तावेज है, जो हमारी और आपकी जिंदगी में नई दुर्भाग्य-गाथा लिख रहा है।

वाकया देश की राजधानी का है। वहां हर्ष विहार इलाके में दो भाई रामलीला देखने गए थे। चारों ओर भीड़ थी। लोग खरामा-खरामा अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। हिमांशु और अंकुर भी उन्हीं में थे। वे रामलीला स्थल पर पहुंचे ही थे कि तेज गति से आती एक बाइक उनसे टकराते-टकराते बची। बाइक पर गैर-कानूनी तौर से तीन लोग सवार थे। उन दोनों ने बाइक सवारों को धीरे चलने की हिदायत क्या दी कि कयामत बरपा हो गई।

बाइक सवारों ने चाकू निकाल लिए। उन्होंने अंकुर पर ताबड़तोड़ वार किए और हिमांशु को भी घायल कर दिया। रामलीला मैदान के समीप जिस समय यह रावणलीला आकार ले रही थी, हजारों लोगों की भीड़ थी। उम्मीद की जाती है कि ऐसे में लोग उन्हें बचाने के प्रयास करते। हमलावर कुलजमा तीन थे और उनके पास कोई घातक एके-47 या बम-गोले नहीं थे। वे बस चाकुओं से लैस थे। अगर आधा दर्जन लोग भी चाह लेते, तो एक परिवार उजड़ने से बच जाता।

हत्यारे बेरहमी से अंकुर के शरीर को गोदते रहे। उसके सीने, गर्दन, पेट और जांघों पर गंभीर चोटें आईं। हिमांशु को भी चाकू से घाव लगे। इसके बावजूद वह किसी तरह अपने लहूलुहान भाई को ई-रिक्शा में लादकर पास



के अस्पताल पहुंचा। तब तक अंकुर के प्राण-पखेरू उड़ चुके थे। आपने पहले भी ऐसे तमाम हादसों के बारे में पढ़ा-सुना होगा, जब कोई घायल हो गया अथवा किसी हमले में दम तोड़ने लगा, तो लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो रील बनाने में मशगूल हो गए। ऐसा करने वाले भूल क्यों जाते हैं कि वे इसी समाज का हिस्सा हैं और कभी उन्हें भी संवेदना और सहायता की आवश्यकता पड़ सकती है?

कल्पना करें। अगर मृतक या हत्यारों के धर्म अलग होते, तो क्या होता? कुछ बरस पहले इसी दिल्ली में एक डॉक्टर की हत्या इसी तरह के मामूली विवाद के दौरान कर दी गई थी। मारने वाले किशोर थे, परंतु उनका धर्म अलग था। कैसा हंगामा बरपा हुआ था? सोशल मीडिया के अदृश्य रंगरेज तथ्यों को मन-मुआफिक रंगत देने में जुटे पड़े थे। इस 'धर्मयुद्ध' में खेत क्या रहा? सिर्फ और सिर्फ रोडरेज का मुद्दा।

इस प्रश्न के उत्तर के लिए देश की 'टेक कैपिटल' मानी जाने वाली बेंगलुरु सिटी का यह वाकया सुन लीजिए। एक महाकाय कंपनी में कार्य करने वाले वरिष्ठ एग्जीक्यूटिव अपनी पत्नी और नौ महीने की बच्ची के साथ कहीं जा रहे थे। अचानक उनके सामने एक बाइक रुकती है। उस पर सवार व्यक्ति बेहद आक्रामकता के साथ उनके बोनट पर हाथ मारने लगता है। वह अवाकरह जाते हैं। उन्हें मालूम ही नहीं कि उनका कुसूर क्या है? जब तक वह माजरा समझ पाते, तब तक वह व्यक्ति गाड़ी का वाइपर नोचकर उसे शीशे पर दे मारता है। विंडस्क्रीन चटक जाती है, लेकिन वह रुकता नहीं। गाड़ी की अगली सीट पर बैठी उनकी पत्नी सहायता के लिए चीखने लगती हैं। उनकी गोद में सो रही महज नौ महीने की अबोध बच्ची यह शोरगुल सुनकर जाग जाती है। ऐसी चीख-पुकार उसके लिए अब तक अनजानी है।

**दहशत के अतिरेक में वह भी चीत्कार कर उठती है-** वह व्यस्त मार्ग है। तमाशबीन जुट पड़ते हैं। ट्रैफिक बाधित हो जाता है। इसके बावजूद हमलावर रुकता नहीं, कोई उसे रोकता भी नहीं है। लोग उस दंपति को बचाने के बजाय रील बनाने लगते हैं। वह रील देखते-देखते वायरल हो जाती है। पुलिस उस पर संज्ञान भी लेती है, मगर यह हादसा उस पेशेवर दंपति पर भारी पड़ता है। घर लौटते-लौटते उस अबोध बच्ची को भयंकर बुखार हो आता है। वह सो नहीं पाती और बेचैन रहती है। डॉक्टरों के अनुसार, उसे 'पैनिक अटैक' पड़ रहे थे। वह हफ्ता भर बीमार रहती है। मालूम नहीं, उस बच्ची के अवचेतन मस्तिष्क से वह हादसा कभी जाएगा भी या नहीं?

एक किंवदंती है। नेपोलियन बोनापार्ट महज कुछ महीने का था, तभी उसके सीने पर एक बिल्ली आ बैठी थी। आगे चलकर वह इतना बड़ा सूरमा बन बैठा, लेकिन बिल्लियां उसकी कमजोरी बनी रहीं। अंग्रेज सेनापति ड्यूक ऑफ विलिंगटन नेपोलियन की इस कमजोरी को जानता था। यही वजह है कि जब उसे अजेय फ्रेंच सेना से जूझने की जिम्मेदारी सौंपी गई, तब उसने वॉटर लू के मैदान में दर्जनों बिल्लियां छोड़ दी थीं। तोप के गोलों, बंदूकों की गोलियों और धमाकों के बीच ये बिल्लियां भी भयाक्रांत हो म्याऊं-म्याऊं कर रही थीं।

रणनीति के अनुरूप नेपोलियन बिल्लियां देखकर आपा खो बैठा और उस कौशल का प्रदर्शन नहीं कर सका, जिसके लिए वह जाना जाता था। हो सकता है, इतिहास की किताबें इस किस्से को सही न ठहराएं, लेकिन ऐसे किस्से गढ़े ही इसलिए जाते हैं, ताकि लोग इनके अंतर्निहित भावों से अपने जीवन के निष्कर्ष गढ़ सकें। इसमें कोई दो राय नहीं कि बालपन के दौरान यदि कोई सदमा अवचेतन मस्तिष्क में बैठ जाता है, तो समूची जिंदगी उसकी परछाइयां गुल खिलाती रहती हैं। तमाम मनोवैज्ञानिकों ने इस पर शोध प्रबंध लिखे हैं।

**नई दिल्ली के अंकुर की तरह उस अबोध का कुसूर क्या था?-** हमारे चारों ओर ऐसे हतभागी फैले हुए हैं। वे लगातार फैलते जा रहे हैं, लेकिन इसकी रोकथाम के लिए कोई कारगर रणनीति नहीं है। देश की राजधानी दिल्ली में सन् 2022 में ऐसे 76 मामले सामने आए थे। अगले साल इनकी संख्या बढ़कर 84 तक पहुंच गई। इस साल अगस्त तक 62 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। मिस्टर ऑटो रोड सेफ्टी इंडेक्स 2019 के अनुसार, रोडरेज के मामलों में कोलकाता और मुंबई सबसे आगे हैं। एनसीआरबी और सड़क परिवहन मंत्रालय ने हादसों पर जो रिपोर्ट जारी की है, उससे ऐसा लगता है कि अभी तक उन्हें रोडरेज के मामलों में अलग श्रेणी बनाने की सुध नहीं आई है। यहां यह भी गौरतलब है कि रोडरेज के ज्यादातर मामले तो पुलिस के रोजनामचों तक पहुंच ही नहीं पाते हैं। केवल गंभीर मामलों में ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। एक और बात। इस कॉलम के लिए रिसर्च करते वक्त मैंने पाया कि न केवल आंकड़े आधे-अधूरे हैं, बल्कि बेहतरीन शोधार्थियों की भी दृष्टि इस मुद्दे पर नहीं पड़ी है। सरकार और समाज, दोनों की यह बेरुखी भारी पड़ सकती है।

# इतना गुस्सा क्यों भरा

(अक्षय शुक्ला)

मुंबई के मलाड में बीच सड़क एक युवक की उसके माता-पिता और पत्नी के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 28 साल के आकाश पत्नी के साथ टूवीलर पर जा रहे थे, उनके माता-पिता आगे ऑटो में थे। ओवरटेक करने के चक्कर में एक ऑटो उनकी बाइक से टच हुआ तो दोनों में रोड पर ही बहस हो गई। मामूली बात पर हुई यह कहासुनी इतनी बढ़ी कि उसमें भीड़ भी शामिल हो गई।

बताया जा रहा है कि घटना का विडियो बना रही पत्नी के हाथ पर किसी ने मारा तो आकाश ने क्रोधित होते हुए आपत्ति जताई, जिसके बाद गुस्साई भीड़ उन पर हमलावर हो गई। वायरल विडियो में दिख रहा है कि नीचे गिरे आकाश को बचाने उनकी मां उन पर लेटी हुई हैं, लेकिन तब भी लात घूंसे चला रहे लोग रुके नहीं। ज़रा सी देर में हिंसक हुई रोडरेज की इस घटना ने एक जान ले ली, तो नौ लोग सलाखों के पीछे पहुंच गए। सड़क पर ऐसा गुस्सा मुंबई ही नहीं, हर शहर की सड़क पर आम होता जा रहा है। दिल्ली में पिछले तीन महीनों में रोडरेज के दस से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें पांच लोगों की जान चली गई तो आठ से अधिक ज़ख्मी हुए। इस दौरान जितनी भी घटनाएं हुईं, उनमें ज्यादातर में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से टोकने पर, एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में तो कहीं गाड़ी टच होने पर लोग आपस में भिड़ गए।

अभी पिछले हफ्ते ही कुछ युवकों को थोड़ा ढंग से बाइक चलाने की नसीहत देना दो भाइयों को भारी पड़ गया। उनका टोकना बाइकर्स को इतना नागवार गुज़रा कि उन्होंने वहीं दोनों भाइयों पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। इससे पहले भी पूर्वी दिल्ली में रोडरेज का एक और खतरनाक मामला सामने आया था। टूवीलर्स टच होने पर हुई कहासुनी के बाद युवक ऐसा भड़का कि उसने कपल का पीछा कर गोली चला दी, जिसमें पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। राजधानी में लोग सरेआम सड़क पर हथियार साथ लेकर चल रहे हैं, मानो कानून का उन्हें ज़रा भी खौफ नहीं।

इन्फोसिस के कोफाउंडर एनआर नारायणमूर्ति दिल्ली को सबसे अनुशासनहीन शहर बता चुके हैं, जहां लोगों को ट्रैफिक नियमों की ज़रा भी परवाह नहीं। उन्होंने बिलकुल सही कहा और इसी वजह से रोडरेज भी बढ़ रहा है। न तय लेन में चलेंगे, न सिग्नल रेड होने पर रुकेंगे। बड़ी गाड़ियों का शौक है लेकिन आगे जाकर यू टर्न लेने से बचने के लिए उलटी दिशा में गाड़ी चलाएंगे। हरेक को जल्दी है, सबको दूसरे से पहले जाना है।

नए साल के मौके पर मनाली रोड पर इसी वजह से कितना बड़ा हादसा हुआ। एक परिवार छुट्टियां बिताकर अपनी कार में लौट रहा था। रास्ते में संकरे रास्ते पर लगे जाम में फंसे दो गाड़ीवालों में ओवरटेक करने को लेकर बहस इतनी बढ़ी कि दोनों गाड़ी से बाहर निकल गुत्थमगुत्था हो गए। यह ऐसी जगह थी, जहां एक तरफ पहाड़ तो दूसरी तरफ गहरी खाई थी, जहां नीचे व्यास नदी बहती है। रात के घने अंधेरे में भिड़ते हुए उन दोनों को होश ही नहीं रहा वे नीचे गहरी खाई में जा गिरे। दो-तीन दिन बाद उनके शव दूर कहीं मिले। सोचिए कार में बैठे उस शख्स के परिवार वालों का क्या हाल हुआ होगा उस वक्त।

सब्र की कमी इस गुस्से की बड़ी वजह है। हमें समझना होगा कि मामूली सी बात को बड़ा बनते देर नहीं लगती। सड़क पर निकले हैं तो यह मानकर चलें कि आपको ट्रैफिक भी मिलेगा और गलत तरीके से ड्राइव करने वाले गैरज़िम्मेदार लोग भी। देखिए, माहौल आप और हम मिलकर ही बदल सकते हैं। गलती करने वाला सॉरी बोल दे तो बात वहीं खत्म हो सकती है। लेकिन दोनों पक्ष जब ईगो अड़ा लेते हैं तो बात बिगड़कर मरने मारने तक पहुंच जाती है। इसलिए कभी आपसे गलती हो तो तुरंत माफी मांग लें और सामने वाला गलती के बाद सॉरी बोले तो मुस्कुराकर बात वहीं खत्म कर दें। गाड़ी का नुकसान जान से कीमती तो नहीं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भारत को बेपटरी करने की गहरी साजिश

(अनिल कुमार चौधरी)

फिर एक ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। क्या एक के बाद दूसरी रेल दुर्घटनाएं एक बड़े प्रयोग का हिस्सा हैं? मेरा मानना है कि इस पर अब सरकार को कोसने की जरूरत नहीं, क्योंकि रेल दुर्घटनाएं हो नहीं रहीं, बल्कि साजिशन कारवाई जा रही हैं। जाहिर सी बात है, यह प्रयोग केंद्र सरकार को बदनाम करने के लिए हो रहा है। लगता तो यही है कि विदेशी जमीन पर बैठे कुछ लोग भारत में अशांति फैलाने के लिए ऐसा करवा रहे हैं। इसकी ठोस वजह भी है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रेल में जबर्दस्त काम हुआ है। इसके विस्तार और आधुनिकीकरण को भारत विरोधी ताकतें पचा नहीं पा रही हैं। यही कारण है कि कुछ दिग्भ्रमित लोगों को प्रलोभन देकर वे भारतीय रेलवे को निशाना बनवा रही हैं। इससे सावधान रहने की जरूरत है। पाकिस्तान में बैठे एक आतंकी का वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था, जिसमें उसने भारत में मौजूद अपने स्लीपर सेल से कहा था कि वे भारतीय रेलों, ईंधन पाइपलाइनों, पुलिस आदि को निशाना बनाते हुए फिदायीन जंग छेड़ें। क्या पिछले कुछ दिनों में बढ़े रेल हादसे की वजह यही तो नहीं? इसका खुलासा तो हमारी जांच एजेंसियां ही करेंगी, लेकिन जिस तरह से पटरियों पर आपत्तिजनक चीजें बरामद हो रही हैं, वे बताती हैं कि दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है। लगता यही है कि भारत में मौजूद स्लीपर सेल के लोगों ने अपना काम करना प्रारंभ कर दिया है। इसे समझने के लिए यह खबर देखिए- राजस्थान में वंदे भारत ट्रेन को बेपटरी करने के लिए सीमेंट का बड़ा सा ब्लॉक पटरी पर रखा गया था। इसके अगले दिन इससे भी बड़े दो ब्लॉक पाए गए। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में पटरियों पर लोहा, सिलेंडर आदि बरामद हुए थे। ऐसी और भी घटनाएं घटी हैं। भारतीयों को इन दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सावधान रहना होगा। यह विचार करना ही चाहिए कि भारत में वे कौन लोग हैं, जो पड़ोसी देश के अपने आकाओं के इशारे पर भारतीयों को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं? ऐसे लोग भूल जाते हैं कि इस रेल से वे खुद या उनके परिजन भी सफर करते हैं।

## वर्ग पहेली 5530

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | | | ■ | ■ | 13 | | |
| | ■ | ■ | 14 | 15 | | ■ | |
| 16 | | 17 | | | ■ | 18 | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | | |
| 21 | | | ■ | 22 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 28 मई 2008 को भारत के इस पडौसी देश ने 240 साला पुरानी राजशाही का अवसान हुआ (3)
4. विश्व में गेंहू की मंडी के नाम से विख्यात विनिपेग नाग इस देश में स्थित है (3)
7. मूल्य, दाम, मोल (3)
8. नापने का मापदंड, रूप (3)
9. आवरण या अवरोध हटाना, बंधन रहित करना (3)
10. जिसके अवयव पास-पास सट हो, सघन (2)
12. गति, चाल (3)
13. उत्कृष्ट, नितांत, पराकाष्ठात्मक (3)
14. भिन्न अर्थ वाला, अर्थहीन (3)
16. मुख्य लोगों का दरबार (5)
18. आर्द्रता युक्त, अधिक गीला (2)
19. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
20. गुजरात का एक प्रसिद्ध व्यंजन (3)
21. यह लेबनान की राजधानी है (3)
22. यह महर्षि परशुराम का शस्त्र है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. निर्देशक केदार शर्मा ने राकेश रोशन के पिता संगीतकार रोशन को इस फिल्म (1949) में मौका दिया था (6)
2. हथेली को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
3. हमेशा लातें खाने वाला (4)
4. श्रमादि करके धन उपार्जि करना (3)
5. तंदूर में पकाई जाने वाली मोटी खमीरी रोटी (2)
6. पोस्टऑफिस, डाकखाना (4)
11. हिंदुओं के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें बालक का नाम रखा या स्थिर किया जाता है (5)
13. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर (2)
14. प्राकृतिक झील, खाड़ी (3)
15. रक्त वाहिनी नली, रग (2)
17. ईश्वर का दिया हुआ धन आदि (3)
18. टौंस नामक नदी (3)
20. कड़ा, तीक्ष्ण, गधा (2)

### वर्ग पहेली 5529 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | वा | ह | र | ला | ल | ■ | स्व |
| न | ह | र | ■ | ल | ब | रे | ज |
| क | ■ | जा | पा | न | ■ | व | न |
| सु | ना | ना | ■ | पा | व | ती | ■ |
| ता | न | ■ | कि | ल | य | ■ | बे |
| ■ | का | बा | ■ | न | ■ | गु | रू |
| अ | र | ब | ■ | ■ | ज | मा | त |
| र्थ | ■ | र | घु | न | द | न | ■ |

# तंत्र की नाकामी से बढ़ते जा रहे रेल हादसे

(धर्मेंद्र आजाद)

हाल के दिनों में रेल दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन आत्म-आलोचना के बजाय हमारा तंत्र इसे आतंकी साजिश बताने का प्रयास कर रहा है, जबकि असली समस्या है, रेलवे का लचर प्रबंधन और यात्री सुविधाओं की अनदेखी। साल 2014 से 2019 के बीच 2,000 से अधिक रेल हादसे हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर ट्रेन के पटरी से उतरने और मानवीय त्रुटियों के कारण हुए। ऐसे हादसे भारतीय रेलवे की सुरक्षा और रख-रखाव की गंभीर कमी को उजागर करते हैं। आज आलम यह है कि कई हजार ट्रेनें बंद हैं, जिनमें शटल ट्रेनें, पैसेंजर ट्रेनें और सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। ये ट्रेनें कभी आम जनता के लिए सस्ती और सुविधाजनक यात्रा का साधन थीं। आज जो लंबी दूरी की सुपरफास्ट ट्रेनें चल रही हैं, उनमें जनरल डिब्बों की संख्या कम कर दी गई है। नतीजतन, यात्री अब ठसाठस डिब्बों में खड़े होकर सफर करने को मजबूर हैं, जिससे सुरक्षा की चुनौतियां पैदा होती हैं।

यही हाल सुरक्षा का भी है। चलती ट्रेनों में अपराध बढ़े हैं। ट्रेनों में चोरी, ठगी और यहां तक कि हत्याएं भी होने लगी हैं। इसकी वजह है कि सुरक्षा में भारी कमी। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस, दोनों में हजारों पद रिक्त हैं। 2023 में तो रेलवे सुरक्षा बल में 9,000 से अधिक पद खाली थे। ऐसे में, सुरक्षा भला कैसे मजबूत होगी? सुरक्षा के अलावा, ट्रेनों की तकनीकी समस्याएं और रखरखाव की कमी से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आ जाने वाली घटनाएं, कपलिंग का टूटना और पटरियों का उखड़ना मानो आम बात है। रखरखाव के बजट में भारी कटौती ने पटरियों, ओवरहेड तारों और पुराने डिब्बों की मरम्मती के कामों को मुश्किल बना दिया है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता है। दिक्कत यह भी है कि रेलवे का बड़ा बजट वंदे भारत, राजधानी, शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनों पर खर्च किया जाता है। अगर बजट का समान बंटवारा हो, तो ट्रेनों की सुरक्षा कहीं अधिक सुनिश्चित की जा सकती है।

इस तर्क को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते कि निजीकरण को बढ़ावा देने के लिए रेल कर्मचारियों को हादसों के नाम पर बदनाम किया जा रहा है! रेलवे का तेजी से निजीकरण हो भी रहा है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों का रेलवे के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दखल बढ़ गया है। इसे बर्बाद होने से बचाना हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। अगर हमारा तंत्र गंभीरता दिखाए, तो हम रेल हादसों को काफी हद तक रोक सकते हैं, लेकिन यहां तो ऊपर से नीचे तक हम्माम में सभी नंगे हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके अच?छे कामों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपको ऑफिस के काम में सराहना मिलेगी और आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

**वृषभ**

आज दिन करियर में सफलता से भरा रहेगा। दोपहर में कोई खुशी का समाचार मिलेगा और भाग्य आपका साथ देगा। सेहत का ध्यान रखें और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें। शाम के समय कोई मेहमान आपके घर आ सकता है।

**मिथुन**

आज लाभ के योग बन रहे हैं। पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से सम्मान मिलेगा। आप किसी कीमती वस्तु की खरीद भी कर सकते हैं। आपकी संपत्ति पाने की आपकी इच्छा पूरी होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**

आज लाभ के योग हैं। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। अचानक से धन लाभ होने से आपके धन में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला न लें।

**सिंह**

आज लाभ होगा और हर मामले में आपको अपनी अपेक्षा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। संतान के प्रति दायित्व को पूरा कर लेंगे। भाग्य आपका साथ देगा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या**

आज करियर में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपको अपने रिश्तेदारों से सुख मिलेगा। पारिवारिक मांगलिक कार्य के पूर्ण होने से खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें और अपनी भावनाएं दूसरों के सामने व्यक्त न करें।

**तुला**

आज का दिन सफलता से भरा रहेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको अपनी वाकपटुता से विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक**

आज का दिन लाभदायक है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा और आपके धन, सम्मान में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से आपको विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप परिवार के लोगों के साथ खरीदारी करने जा सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको सहयोगियों से विवाद झेलने पड़ सकते हैं जिससे तनाव बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि आप धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है।

**मकर**

आज करियर में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन सकती है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरे होंगे। शाम का समय परिवार के साथ सैर-सपाटे और मौज-मस्ती में व्यतीत होगा।

**कुंभ**

आज का दिन फायदे का है लेकिन आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। अचानक से आपको अधिक खर्चे का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी संपत्ति के क्रय-विक्रय के समय उसके सभी कानूनी पहलुओं के बारे में अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें।

**मीन**

आज लाभ होगा और आपका वैवाहिक जीवन आनंद में बीतेगा। आस-पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है जिसमें आपको लाभ होगा। बिजनस में बढ़ती प्रगति से मन में खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक और बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेहद गंभीर श्रेणी में दिल्ली की हवा, 317 अंक पर बना हुआ है औसत एक्यूआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्दियों के आते ही राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रदूषण का स्तर भी अधिक होने लगता है। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह 8.30 बजे तक दिल्ली का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 317 अंक पर बना हुआ है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 317 अंक पर बना हुआ है। दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग स्थानों की बात करें तो शहर फरीदाबाद में 156, गुरुग्राम में 221, गाजियाबाद में 263, ग्रेटर नोएडा में 276 और नोएडा में 246 अंक बना हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि राजधानी दिल्ली के अधिकांश और ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर 300 से ऊपर और 400 के बीच में बना हुआ है, जो बेहद खराब श्रेणी मानी जाती है। दरअसल, अलीपुर में 322, आनंद विहार में 385, अशोक विहार में 342, आया नगर में 316, बवाना में 350, बुराड़ी क्रॉसिंग में 340, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 314, द्वारका सेक्टर 8 में 324, आईजीआई एयरपोर्ट में 318, जहांगीरपुरी में 358, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 328, मंदिर मार्ग में 319, मुंडका में 365, नजफगढ़ में 316 और नरेला में 324 बना हुआ है। इन स्थानों के अलावा नेहरू नगर में 321, नॉर्थ कैंपस डीयू में 310, ओखला फेस टू में 314, पटपड़गंज में 308, पंजाबी बाग में 354, दिलशाद गार्डन में 303, आरके पुरम में 333, रोहिणी में 348, सिरी फोर्ट में 395, विवेक विहार में 338 और वजीरपुर में 350 अंक एक्यूआई है। वहीं, दिल्ली के 8 इलाकों में एक्यूआई स्तर 200 से ऊपर और 300 के बीच में बना हुआ है।

### पंजाब पुलिस ने लॉरेंस गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मोगा जिले में पुलिस की सीआइए स्टाफ ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग जगहों से चार लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से छह पिस्टल और बारह राउंड कारतूस बरामद हुए। आरोपियों में से एक का संबंध पटियाला गैंग से है, जबकि अन्य तीन लॉरेंस गैंग से जुड़े हुए हैं। इन गैंग्स ने मोगा जिले में कई लोगों से फिरौती भी मांगी है और वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, जिसे पुलिस ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। पुलिस अब इस मामले की कई पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि इससे जुड़े अन्य लोगों को भी दबोचा जा सके। मोगा के एसएसपी अजय गांधी ने बताया कि सीआइए स्टाफ को एक सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी मोगा जिले के निवासी हैं। इनमें से एक, अर्शदीप सिंह है और इसका संबंध लक्की पटियाला गैंग से है। इस पर पहले से छह अलग-अलग धाराओं में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य तीन आरोपी, गुरप्रीत सिंह, गोबिंद सिंह और रामजोत सिंह, झंडेआना, फतेहगढ़ कोरोटाना और बीड राउके के निवासी हैं। इन तीनों पर भी पांच आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि वो इन सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी। पुलिस इस मामले में और भी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है ताकि इनके संगठनों के बारे में और तथ्य सामने आ सकें। पुलिस के मुताबिक, इनके कई और साथी भी इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त हो सकते हैं, जिसे देखते हुए पुलिस इन आरोपियों से कई पहलुओं पर पूछताछ करेगी।

### अमित शाह से तस्लीमा नसरीन की गुहार- हिन्दुस्तान मेरा दूसरा घर, मुझे रहने दें यहां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने केंद्रीय गृह मंत्री



अमित शाह से अपील की है कि उन्हें भारत में रहने दिया जाए। नसरीन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह को टैग करते हुए लिखा है, प्रिय अमित शाह जी नमस्कार। मैं भारत में रहती हूं क्योंकि मुझे इस महान देश से प्यार है। पिछले 20 सालों से यह मेरा दूसरा घर रहा है लेकिन गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई से मेरे निवास परमिट को आगे नहीं बढ़ाया है। हार्दिक शुभकामनाएं। सांप्रदायिकता की कट्टर आलोचक रहीं तस्लीमा नसरीन 1994 से निर्वासित जीवन जी रही हैं। वह 1990 के दशक से ही अपने उपन्यासों की वजह से काफी चर्चा में रही हैं। बांग्लादेश में सांप्रदायिकता और महिला समानता पर अपने लेखन के कारण इस्लामी कट्टरपंथियों के निशाने पर रही हैं।

# पीएम इंटर्नशिप स्कीम में प्लेसमेंट का टारगेट हुआ पूरा, दो दिसंबर से मिलने लगेगी नौकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत कंपनियों द्वारा दी जाने वाली नियुक्तियों का लक्ष्य आसानी से पूरा हो गया है। इसके तहत करीब 125,000 लोगों को नियुक्ति दिए जाने की योजना है। आवेदकों का दो दिसंबर से प्लेसमेंट शुरू हो जाएगा। दो अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि तीन जुलाई को 2024-25 के बजट भाषण में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 1.48 करोड़ रुपए का जॉब क्रिएशन और एजुकेशन प्लान का ऐलान किया था। इसमें 10 मिलियन योग्य युवाओं के लिए पेडइंटर्नशिप शुरू करने की बात भी कही गई थी। इसके तहत अगले पांच साल में 500 शीर्ष संस्थानों में इन युवाओं को मौके दिए जाएंगे।



अधिकारियों के मुताबिक प्राइवेट सेक्टर फर्म्स में 125000 युवाओं को पेड अप्रेंटिस कराने की योजना थी। अभी तक सरकार ने 60 हजार अप्लीकेशंस को प्रॉसेस भी कर लिया है। इसके तहत युवा सरकारी पोर्टल के जरिए 25 अक्टूबर तक अप्लाई कर सकते हैं। यह अप्रेंटिस एक साल तक चलने वाली है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने पिछले महीने कहाकि इंटर्नशिप योजना हमारे युवाओं को विश्व स्तरीय कंपनियों में काम करने का एक अनूठा अवसर देगी। उन्हें कॉर्पोरेट के माहौल और वर्क कल्चर को जानने-समझने का मौका मिलेगा। इससे उन्हें विभिन्न इंडस्ट्रीज में नौकरी के मौकों की तलाश में आसानी होगी।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार एआई बेस्ड सॉफ्टवेयर के जरिए अप्लीकेशंस और वैकेंसी को मैच कराएगी। इस योजना के तहत इंटर्न्स को हर महीने 5000 रुपए मिलेंगे। इसमें 4500 रुपए सरकार, जबकि 500 रुपए कंपनी की तरफ से दिए जाएंगे। इसके अलावा 6000 रुपए की वन-टाइम ग्रांट भी मिलेगी। इस मुहिम में 500 कंपनियां जुड़ी हुई हैं। इनमें मारुति सुजुकी इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, जुबिलिएंट फूडवर्क्स, टेक महिंद्रा और हीरो मोटोकॉर्प जैसे नाम शामिल हैं।


**इन लोगों के लिए मौका :** पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए अप्लाई करने के लिए खास क्राइटेरिया भी बनाया गया है। इसके तहत अभ्यर्थी को कम से कम दसवीं पास होना चाहिए। उसके पास कोई फुल टाइम नौकरी न हो और उसकी उम्र 21 से 24 साल के बीच हो। पोस्टग्रेजुएट्स, आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम के अलावा, एमबीए, सीएस, सीए और एमबीबीएस जैसी डिग्री रखने वाले इस इंटर्नशिप के लिए अप्लाई नहीं कर सकते।

दिल्ली यूनिवर्सिटी में इकॉनमिस्ट ईश्वर अरविंद ने कहाकि ऐसी स्कीम्स में कई अन्य चीजों के अलावा कंपनियों में उपलब्ध पदों के साथ स्किल मैचिंग पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहाकि हमारे देश में शिक्षित युवाओं में बहुत बेरोजगारी इसलिए भी है क्योंकि उनकी शैक्षणिक योग्यता नौकरियों के लिए मेल नहीं खाती है।

गौरतलब है कि व्यापक पैमाने पर बढ़ते कार्यबल के लिए भारत पर्याप्त अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2024 के अनुसार, भारत को अपनी बढ़ती श्रम शक्ति के लिए 2030 तक हर साल 7.85 मिलियन गैर-कृषि रोजगार सृजित करने की जरूरत है। यह रोजगार की वर्तमान दर से कहीं अधिक है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा पिछले महीने जारी किए गए आंकड़ों से पता चला है कि भारत की वार्षिक बेरोजगारी दर पिछले साल की तुलना में जुलाई 2023-जून 2024 की अवधि के लिए 3.2प्रतिशत पर रही।

## महायुति में सीट शेयरिंग फाइनल! भाजपा को सबसे ज्यादा, एकनाथ शिंदे 78 सीटें और अजीत पवार को 54 सीटें

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन में सीटों का बंटवारा लगता है फाइनल हो गया है। हाल



ही में दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच इसको लेकर बैठक हुई। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक बैठक में सीट शेयरिंग पर मुहर लग चुकी है। इसके हिसाब से इस बार भाजपा महाराष्ट्र में 156 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। इसके अलावा एकनाथ शिंदे गुट को 78 सीटें और अजीत पवार की एनसीपी को 54 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। बताया जाता है अमित शाह के आवास पर करीब तीन घंटे तक चली बैठक में यह फैसला लिया गया। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि नतीजों का ऐलान 23 नवंबर को होगा। बताया जाता है अभी सीटों के आदान-प्रदान पर बहुत काम किया जाना है। तीनों पार्टियों को सीटें तो लगभग उतनी ही मिलेंगी जितना ऊपर बताया गया है। न्यूज 18 के मुताबिक लेकिन उम्मीदवारों की जीत के आधार पर कुछ सीटें एक्सचेंज हो सकती हैं। इस बीच भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट घोषित कर दी है। इसके मुताबिक डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम की मजबूत पकड़ वाली सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कमठी से मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने 13 महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है। इसमें पूर्व कांग्रेसी अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर से मैदान में उतारा गया है। मुंबई सिटी में राम कदम घाटकोपर पश्चिम, आशीष शेलार, वांद्रा वेस्ट, राहुल नार्वेकर कोलाबा और मंगल प्रभात लोढ़ा मालाबार हिल से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की नई लिस्ट में कई नए चेहरों को भी मौके दिए गए हैं। नए उम्मीदवारों में श्रीगोंडा से प्रतिभा पचपुते, मलाड पश्चिम से विनोद शेलार और पिछली बार निर्दलीय लड़ने वाले राजेश बकाने को देवली से टिकट दिया गया है।

## झारखंड में नीतीश को मिलीं जितनी सीटें उससे ज्यादा मांझी की चाहत

**गया, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में सीटों का बंटवारा फाइनल हो चुका है। भाजपा ने आजसू को 10 सीटें देने के अलावा नीतीश कुमार की जेडीयू को दो और चिराग पासवान की एलजेपी को भी एक सीट दी है। अब बिहार की राजनीति के एक और खिलाड़ी और एनडीए के साथी जीतनराम मांझी ने कहा है कि उन्हें भी शामिल किया जाना चाहिए था। मांझी ने कहा है कि वह कम से कम तीन सीटों के हकदार थे। गया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जीतनराम मांझी ने कहा कि सीट नहीं मिलने के बावजूद वह एनडीए के साथ मजबूती के साथ खड़े हैं और सहयोगी दलों की मदद को भी तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ कर दिया है कि झारखंड में सीट नहीं मिलने की भरपाई वह अगले साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में करना चाहेंगे। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने झारखंड में एनडीए के सहयोगी दलों में हुए सीट बंटवारे को लेकर सवाल के जवाब में कहा, बीजेपी काफी सीटों पर वहां लड़ रही है। जहां तक हम (हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा) का सवाल है, राष्ट्रीय अध्यक्ष आ रहे हैं उसने हम बात करेंगे कि उन्होंने दवा पेश किया कि नहीं किया। अगर दावा पेश किए हैं और नहीं मिला है तो दुखद बात है। हमें कम से कम तीन सीटें मिलनी चाहिए थी। तीन सीट पर हम जीत सकते थे। उन्होंने आगे कहा, जब एनडीए की बात आती है, हम एनडीए के साथ हैं। हम सबकी मदद करेंगे।

# चक्रवाती तूफान दाना ला रहा तबाही ! भारी बारिश का अलर्ट, 100 फीसदी निकासी की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ठंड की आहट के बीच एक और चक्रवाती तूफान दस्तक देने जा रहा है। पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जिसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने का अनुमान है। दाना 24 अक्टूबर की रात को पुरी और सागर द्वीपों के बीच ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर पहुंचेगा। इस दौरान हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्रस्ढ) ने यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि इस तूफान के कारण 23 से 25 अक्टूबर तक दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। निम्न दबाव प्रणाली 22 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर और तीव्र हो सकती है, जो अगले दिन चक्रवाती तूफान में बदल सकती है। 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के समय पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा व पश्चिम बंगाल के तटों को गंभीर चक्रवाती तूफान दाना के रूप में पार कर सकता है। इस दौरान हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है, जो बढ़कर 120 किलोमीटर तक प्रतिघंटा हो सकती है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 23 से 25 अक्टूबर तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। साथ ही, चेतावनी दी कि 23 अक्टूबर से ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक हवा की गति बढ़कर 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा और 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। इन इलाकों में होगी भारी बारिश मौसम विभाग ने 23 अक्टूबर को तटीय जिलों पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिमी मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। विभाग ने कहा कि 24 और 25 अक्टूबर को पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिमी मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और झाड़ग्राम में भारी से बहुत भारी बारिश होने और एक या दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 24 और 25 अक्टूबर को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, पुरुलिया और बांकुरा जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। 100 फीसदी निकासी का प्लान तैयार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने बंगाल की खाड़ी में आने वाले चक्रवाती तूफान के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में 14 टीम और ओडिशा में 11 टीम को तैनाती के लिए तैयार रखा है। नौसेना और तटरक्षक बल के अतिरिक्त बचाव एवं राहत दलों के साथ-साथ नौकाओं व विमानों को भी तैयार रखा गया है। इस बीच, ओडिशा सरकार ने दाना से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों से 100 फीसदी निकासी का प्लान बनाया है। दूसरे राज्यों के पर्यटकों और तीर्थयात्रियों से बुधवार सुबह तक पुरी शहर छोड़ने को कहा गया है।



## दिल्ली-पानीपत, एसएनबी-अलवर आरआरटीएस नेटवर्क के अगले साल शुरू होने की संभावना -मनोहर लाल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन परिचालन की पहली वर्षगांठ पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। उन्होंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रमुख स्टेशनों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिला ट्रेन ऑपरेटरों से बातचीत कर देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के संचालन में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि दिल्ली-पानीपत और दिल्ली को शाहजहांपुर - नीमराना - बहरोड़ और अलवर से जोड़ने वाले नेटवर्क के अगले साल शुरू होने की संभावना है।

आनंद विहार स्टेशन से दौरे की शुरुआत

इसके साथ ही, उन्होंने यात्रियों से भी बातचीत की और नमो भारत सेवा के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने यात्रियों से मिले सकारात्मक प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री ने दौरे की शुरुआत आनंद विहार स्टेशन से की। उनका स्वागत एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को स्टेशन के अनूठे डिजाइन और समग्र आरआरटीएस नेटवर्क में इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**बदल गई यात्रा की तस्वीर :** वह साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों के लिए विकसित सुविधाओं का निरीक्षण किया। मंत्री को बताया गया कि 21 अक्टूबर 2023 को शुरू होने के बाद से नमो भारत ट्रेनों ने गाजियाबाद, साहिबाबाद और आसपास के क्षेत्रों में यात्रा को काफी बदल दिया है। अपने पहले साल ही इसने 40 लाख से अधिक यात्रियों की सेवा की है। पिछले साल के दौरान गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर सबसे अधिक यात्री संख्या दर्ज की गई। इसके बाद साहिबाबाद और मोदीनगर नॉर्थ स्टेशनों का स्थान रहा।

**प्रधानमंत्री ने दिखाई थी हरी झंडी :** प्रधानमंत्री ने 20 अक्टूबर 2023 को साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर के प्राथमिक खंड का उद्घाटन किया था। 6 मार्च 2024 को दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ के बीच 17 किलोमीटर के एक और खंड का उद्घाटन किया गया, इसके बाद 18 अगस्त 2024 को मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन को भी संचालित किया गया। वर्तमान में, नमो भारत 42 किलोमीटर के खंड पर चल रही है, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ सहित नौ स्टेशन शामिल हैं।

## बृजभूषण की जगह लेना चाहती थीं बबीता फोगाट, बीजेपी नेताओं ने ही करवाया प्रदर्शन; साक्षी मलिक का दावा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** ओलंपिक रेसलर साक्षी मलिक ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि बीजेपी नेता बबीता फोगाट ने ही खिलाड़ियों को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए उकसाया था। उन्होंने कहा कि बबीता बृजभूषण को हटाकर खुद भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) की अध्यक्ष बनना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में मलिक ने कहा कि बबीता ने कई पहलवानों के साथ एक मीटिंग रखी थी। इसके बाद उन्होंने निवेदन किया कि फेडरेशन में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन होना चाहिए। साक्षी मलिक ने कहा, बबीता फोगाट का अपना अलग अजेंडा था इसलिए उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए हमें उकसाया। वह खुद डब्ल्यूएफआई की अध्यक्ष बनना चाहती थीं। उन्होंने कहा, अफवाहें हैं कि कांग्रेस ने इस विरोध प्रदर्शन के लिए हमारा समर्थन किया। लेकिन यह सब झूठ है। दो बीजेपी नेताओं ने ही हरियाणा में विरोध प्रदर्शन के लिए हमें अनुमति दिलाने में मदद की। उसमें बबीता फोगाट और तीरथ राणा का नाम है। बता दें कि पूर्व बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर पिछले साल महिला खिलाड़ियों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। उनके खिलाफ जांच की मांग लेकर महिला खिलाड़ियों ने कई दिनों तक धरना दिया। मलिक ने यह भी कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह फोगाट के कहने पर ही नहीं था। यह केवल उनकी सलाह के बाद शुरू हुआ। उन्होंने कहा, विरोध प्रदर्शन आंख मूंदकर नहीं शुरू किया गया था। हमें भी फेडरेशन के अंदर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ की जानकारी थी। वहीं मुझे भी यही लगता था कि अगर फेडरेशन की चीफ एक महिला खिलाड़ी होगी तो इससे काफी बदलाव आएगा। हमें विश्वास था कि वह हमारे संघर्ष को समझेंगी। लेकिन हमें नहीं पता था कि वह इस तरह का खेल हमारे साथ ही खेलेंगी। उन्होंने कहा, हमें लगा था कि वह भी हमारे साथ इस प्रदर्शन में बैठेंगी और आवाज उठाएंगी। साक्षी मलिक ने बृजभूषण को लेकर भी कहा कि बृजभूषण कहते थे कि जो उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं वे खत्म चुके हैं। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव में विनेश फोगाट की सफलता से पता चलता है कि बृजभूषण के दावे गलत थे। इसके अलावा विनेश ओलंपिक में गई और एक मजबूत विरोधी के सामने भी हारीं नहीं। अगर विरोध खत्म ही हो गया होता तो विनेश फोगाट को ओलंपिक में कौन हिस्सा लेने देता।

## बाबरिया अब इस्तीफा देने की बात कर रहे हैं, लेकिन उनको चुनाव से पहले ही ऐसा करना था- कैप्टन अजय यादव

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार को अब तक कांग्रेस पचा नहीं सकी है। इसके अलावा हार के चलते सिर-फुटव्वल भी तेज हो गया है। अब बागी नेता अजय यादव ने राज्य के चुनाव प्रभारी रहे दीपक बाबरिया पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बाबरिया अब इस्तीफा देने की बात कर रहे हैं, लेकिन उनको चुनाव से पहले ही ऐसा करना था। हरियाणा यूनिट के सीनियर लीडर कैप्टन अजय यादव ने सोमवार की पार्टी की हार के लिए सूक्ष्म-प्रबंधन की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अब त्यागपत्र की पेशकश कर रहे प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया को चुनाव से पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। हाल ही में पार्टी से इस्तीफा देने और फिर इसे वापस लेने वाले यादव ने दावा भी किया कि चुनाव के बाद उनके पास भाजपा में जाने का प्रस्ताव था, लेकिन वह नहीं गए। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका और उनके परिवार का कांग्रेस से 70 साल पुराना संबंध है। उनका यह भी कहना था कि कांग्रेस नेतृत्व की तरफ से उनकी बात सुनने का विश्वास दिलाया गया जिसके बाद उन्होंने त्यागपत्र वापस लिया। यादव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस में ओबीसी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। अजय सिंह यादव ने सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष पद से हटने के बाद



अपने साथ खराब व्यवहार किये जाने का आरोप लगाते हुए गत 17 अक्टूबर को को पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था।

उन्होंने कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। हालांकि इसके दो दिन बाद ही अपने फैसले से पीछे हटते हुए उन्होंने कहा था कि वह 'जन्मजात कांग्रेसी' हैं और 'आखिरी सांस तक' कांग्रेसी बने रहेंगे। यादव ने सोमवार को यहां कहा, 'इस्तीफा वापस लेने का कारण है कि मुझसे कहा गया है कि आपकी बात सुनी जाएगी। मैं भाजपा में नहीं जा रहा था, बाकी लोग भाजपा में चले जाते है। मेरे पास तो भाजपा में जाने का प्रस्ताव था। चुनाव के बाद यह प्रस्ताव था।' उनका कहना था, 'मैंने पूरी जिंदगी कांग्रेस में निकाल दी। मेरे बेटा चिरंजीव कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव है। मेरे पिता 1952 में विधायक बन गए थे। हमारा 70 साल का नाता कांग्रेस के साथ है।'

**बाबरिया बीमार थे तो पहले क्यों नहीं दिया इस्तीफा :** कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी दीपक बबारिया के इस्तीफे की पेशकश का हवाला देते हुए यादव ने कहा, 'बाबरिया जी अब कह रहे हैं कि इस्तीफा देने का प्रस्ताव दिया है। पहले क्यों नहीं किया। जब आप बीमार थे तो उसी समय इस्तीफा क्यों नहीं दिया।' उन्होंने हार के कारणों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां पार्टी के स्तर पर सूक्ष्म-प्रबंधन और समन्वय का अभाव था। हरियाणा के पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस विधायक मामन खान के विवादित बयान और भाजपा के 'बंटोगे तो कटोगे' वाले विमर्श का भी असर हुआ। उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर भी इस चुनाव में संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्य समिति में हरियाणा से सिर्फ जाट और दलित समुदायों को प्रतिनिधित्व मिला है, जबकि भाजपा ने केंद्र में राज्य के कई ओबीसी नेताओं को मंत्री बनाया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और ओबीसी विभागों के प्रमुखों को भी विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति का हिस्सा होना चाहिए तथा ओबीसी विभाग के प्रमुख सिर्फ रस्मी पद नहीं होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण में वंचित समाज का ध्यान रखा जाएगा।

### रणजी ट्रॉफीः

## रणजी के दूसरे चरण के लिए मुंबई टीम का ऐलान

- पृथ्वी शॉं हुए टीम से बाहर, सूर्यकुमार भी नहीं खेलेंगे मैच



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे चरण के लिए टीम की घोषणा कर दी। टीम के ओपनर पृथ्वी शॉं को त्रिपुरा के खिलाफ होने वाले मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम में कुछ बदलाव किए हैं। पृथ्वी शॉं, सूर्यकुमार यादव और तनुश कोटियन रणजी ट्रॉफी 2024-25 के अगले दौर के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह अखिल हेरवाडकर और कर्ष कोठारी को टीम में वापस बुलाया गया है।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम के चयन को लेकर जो प्रेस रिलीज जारी की उसमें पृथ्वी शॉं को बाहर करने का कारण नहीं बताया गया। पृथ्वी शॉं को अगले मैच से बाहर किया जाना उनके लिए एक चेतावनी की तरह है जिसका संबंध अनुशासन और उनकी फिटनेस के साथ है। माना जा रहा है कि संजय पाटिल (अध्यक्ष), रवि ठाकुर, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पोवार और विक्रांत येलिगेटी वाली मुंबई चयन समिति ने महसूस किया कि शॉं को कम से कम एक मैच के लिए टीम से बाहर रखा जाना चाहिए।

अभी ये कहना मुश्किल है कि उन्हें अगले मैच के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं, लेकिन चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन का मानना है कि एक मैच से ड्रॉप किया जाना उनसे लिए एक सबक हो सकता है। पृथ्वी शॉं पर ये एक्शन तब लिया गया जब वो नेट और अभ्यास सत्र के दौरान उपलब्ध नहीं रहे। वहीं उन्हें फिटनेस संबंधी समस्या भी है, टीम प्रबंधन का मानना है कि उनका वजन पहले से ही अधिक है। यह भी देखा गया है कि वह नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और उनमें अनियमित रूप से भाग लेते हैं।

पृथ्वी शॉं इस घरेलू सीजन में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और उन्होंने 6 पारियों में 139 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन ईरानी कप में देखने को मिला था जहां उन्होंने दूसरी पारी में 76 रन बनाए। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने वडोदरा में बड़ोदा के खिलाफ मुंबई की 84 रन की हार में 7 और 12 रन बनाए थे। वहीं उन्होंने दूसरे रणजी ट्रॉफी मैच में महाराष्ट्र पर मुंबई की नौ विकेट की जीत में 1 और नाबाद 39 रन बनाए। पृथ्वी शॉं अपनी फिटनेस को लेकर भी सवालों के घेरे में हैं। साल की शुरुआत में घुटने की चोट से उबरने के बाद से ही वे अपनी फिटनेस के स्तर को बरकरार नहीं रख पाए हैं।

### रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर के लिए मुंबई की टीम

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अखिल हेरवाडकर, श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), सिद्धांत अद्धतराव (विकेटकीपर), शम्स मुलानी , कर्ष कोठारी, हिमांशु सिंह, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, मो. जुनेद खान, रॉयस्टन डायस।

### यूरोपियन क्लब कप शतरंजः

# गुकेश और अर्जुन की जीत से शुरुआत प्रज्ञानन्दा हुए उलटफेर का शिकार

**वेर्नयचक बनयाह , सर्बिया, एजेंसी।** यूरोपियन क्लब शतरंज कप 2024 का आरंभ यहाँ सर्बिया में कल रात हो गया है। 27 अक्टूबर तक खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में भारत से करीब 13 खिलाड़ी विभिन्न प्रतिष्ठित शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहे है। भारत से अर्जुन एरीगैसी , डी गुकेश , आर प्रज्ञानन्दा , विदित गुजराती , अरविंद चितांबरम, पेंटाला हरीकृष्णा , निहाल सरीन , एसएल नारायनन , लियॉन मेन्दोंसा, आर्यन चोपड़ा , दिव्या देशमुख , आर वैशाली के नाम प्मौंख है। पहले दिन सुपर चैस के लिए खेलते हुए डी गुकेश नें गैम्बिट क्लब के मारगेर पेटुरसान को सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पराजित किया , गुकेश अगेल माह होने वाली विश्व चैंपियनशिप के पहले आखिरी बार कोई क्लासिकल टूर्नामेंट खेल रहे है ऐसे में दुनिया की नजरे उन पर लगी हुई है। हालांकि सुपर क्लब के दूसरे बोर्ड पर आर प्रज्ञानन्दा को उलटफेर का सामना करना पड़ा , उन्हे खुद से करीब 375 अंक कम के खिलाड़ी गोड़ेर्ट फ्रेंकोइस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



हालांकि सुपर चैस नें 5-1 से पहला राउंड अपने नाम कर लिया। वहीं दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें अलकलोइड क्लब से काले मोहरो से बाजी खेलते हुए वासका एसके के टॉम वेदबेर्ग को मात दी इसी क्लब से खेल रहे एसएल नारायनन नें डान क्रमलिंग को पराजित करते हुए अंक बनाया और टीम को 5.5-0.5 से जीतने में मदद की। दूसरे दिन भारत के कई अन्य खिलाड़ी जैस विदित गुजराती और निहाल सरीन भी खेलते हुए नजर आएंगे।



2024 में किया ऐसा कमाल की निकले दोनों से आगे

# आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड से भी खतरनाक हैं अभिषेक शर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के दूसरे मैच में भारत को यूएई पर 7 विकेट से जीत मिली। इस जीत में भारतीय ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी साथ ही रसिक सलाम की घातक गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। भारत ने इस मैच में रसिक की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 107 रन पर आउट कर दिया और फिर जीत के लिए मिले 108 रन के टारगेट को 10.5 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत की पहली पारी में इस टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन जहां लाजवाब रहा तो वहीं दूसरी पारी में जब टीम इंडिया बल्लेबाजी करने आई तब ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी दर्शनीय रही। अभिषेक शर्मा ने मैदान पर आते ही तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी शुरू कर दी और इस पारी दूसरे ओवर में 22 रन ठोक डाले। इस मैच में अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक सिर्फ 20 गेंदों पर पूरा कर लिया। उनकी इस पारी ने टीम को जल्दी जीत दिलाने में भी बड़ी भूमिका निभाई जिससे टीम का नेट रन रेट भी सुधर गया। अभिषेक ने अपनी इस पारी के दम पर आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड जैसे बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ दिया।

आंद्रे रसेल और ट्रेविस हेड दोनों दुनिया के बेहद खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार किए जाते हैं, लेकिन अभिषेक शर्मा जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं उसके बाद वो इन दोनों से भी ज्यादा खतरनाक नजर आते हैं। साल 2024 में अभिषेक ने अपनी इस पारी के बाद रसेल और हेड जैसे बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ने का काम किया। साल 2024 में अब अभिषेक शर्मा (कम से कम 500 रन बनाने वाले) सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

अभिषेक ने इस साल यानी 2024 में अब तक 623 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 197.0 का है तो वहीं आंद्रे रसेल दूसरे नंबर पर चले गए हैं जिन्होंने अब तक 185.6 की स्ट्राइक रेट के साथ 1045 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर आने वाले ट्रेविस हेड ने इस साल अब तक टी20आई में 182.1 की स्ट्राइक रेट के साथ 1442 रन बनाए हैं। फिन एलन ने 177.1 की स्ट्राइक रेट के साथ 795 रन जबकि जैक फ्रेजर ने 173.9 की स्ट्राइक रेट के साथ 668 रन बनाए हैं।

### आर्चरी वर्ल्डकपः

# भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने जीता रजत पदक, धीरज ने किया निराश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता है। भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गईं। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।

सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गईं। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थीं। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन ली ने 30-28 से जीता।

तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 ( 28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक आया।

खेल मंत्री ने दीपिका को दी बधाई

विश्व कप में रजत पदक जीतने पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दीपिका कुमारी को बधाई दी। मांडविया ने एक्स पर लिखा, दीपिका कुमारी को मैक्सिको में हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक और ओवरऑल छठा पदक जीतने पर बधाई।

## मयंक यादव भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगेः मोहम्मद शमी

**गुरुग्राम (हरियाणा), एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की तारीफ की है और उन्हें भारतीय गेंदबाजी का भविष्य बताया है। शमी ने खुद को 100 फीसदी फिट और गेंदबाजी के लिए तैयार बताया है। उनका मानना है कि मयंक यादव और हर्षित राणा जैसे युवा भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं।



चोट के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेलने वाले 34 वर्षीय शमी ने 10.70 की शानदार औसत से 24 विकेट लेकर भारत को 2023 वनडे विश्व कप में उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी अब अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं।

फरवरी में लंदन में सर्जरी के बाद यह तेज गेंदबाज बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी रिकवरी पर काम कर रहा है। शमी ने कहा, भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी तेज गेंदबाजी की ताकत वास्तव में बढ़ गई है।

# केन विलियमसन दूसरे मुकाबले से भी बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में खेला जाएगा. दूसरे मुकाबले से पहले न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है.

टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन इस मैच में भी नहीं खेल पाएंगे. वह अभी भी अपनी ग्रोइन इंजरी से उबर रहे हैं. विलियमसन को हाल ही में हुए श्रीलंका टेस्ट सीरीज के के दौरान चोट लगी थी. टीम को उम्मीद थी कि वह दूसरे मुकाबले से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे. लेकिन ऐसा नहीं हो सका है और अब वह अपने फिटनेस पर काम करने लिए न्यूजीलैंड में ही रहेंगे. न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने बताया कि विलियमसन फिलहाल रिहैब कर रहे हैं. उनकी इंजरी काफी हद तक ठीक हो गई है, लेकिन वह अभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार नहीं है.

स्टीड नहीं विलियमसन को लेकर हड़बड़ी नहीं दिखाना चाहते हैं. उन्होंने रिकवरी और तैयारी के लिए पूरा समय देने की बात कही है. स्टीड ने तीसरे टेस्ट में विलियमसन की वापसी की उम्मीद जताई है. भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट गुरुवार 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा.

# चेसः मैग्नस कार्लसन फिर भारत में खेलेंगे

**कोलकाता, एजेंसी।** पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में 'ओपन' और 'महिला' वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इससे पहले कार्लसन ने 2019 में हिस्सा लिया था और विजेता भी बने थे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले 'टाटा स्टील शतरंज भारत' के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी दूसरी बार टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा।

उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, प्रगनानंदा और विदित गुजराती भी हिस्सा लेंगे।

'ओपन' वर्ग में निहाल सरीन और एसएल



नारायणन भी चुनौती को पेश करेंगे। पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में 'ओपन' और 'महिला' वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इससे पहले कार्लसन ने 2019 में हिस्सा लिया था और विजेता भी बने थे।

ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद ने कहा, इस साल मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह साल भारतीय शतरंज के लिए उत्सव की तरह है।

**टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी**

ओपन वर्गः मैग्नस कार्लसन, नादिबेक अब्दुस्तोरोव, वेस्ले सो, विंसेंट केमर, डैनियल डबोव, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रगनानंदा, विदित गुजराती, निहाल सरीन, एसएल नारायणन।

# कॉमनवेल्थ गेम्स से हटाया गया हॉकी, क्रिकेट, रेसलिंग और बैडमिंटन

**मेलबर्न, एजेंसी।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 से पहले ही भारत को बड़ा नुकसान हो गया है। ग्लासगो में होने वाले अगले कॉमनवेल्थ गेम्स से छह खेलों को हटा दिया गया है।



इन खेलों में बैडमिंटन, क्रिकेट, हॉकी, स्क्वाश, टेबल टेनिस और रेसलिंग शामिल है। इसके अलावा कुछ और प्रमुख खेलों को भी हटाया गया है जहां भारत को मेडल की उम्मीदें होती हैं।

### भारत के लिए क्यों बढ़ी मुश्किल

पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स इंग्लैंड के बर्मिंघम में हुए थे। भारत ने यहां 12 खेलों में मेडल हासिल किए थे। अब अगले कॉमनवेल्थ गेम्स में इन 12 में से छह खेल शामिल हीं होंगे। आर्चरी और निशानेबाजी को बर्मिंघम गेम्स में शामिल नहीं किया गया था। यह खेल ग्लासगो में भी नहीं होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया मेजबानी से पीछे हटा

इतने खेलों को हटाने की पीछे की वजह आर्थिक है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की मेजबानी सिडनी में होने वाले थे।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया आर्थिक तंगी को कारण बताकर हाथ पीछे खींच लिया। आखिरी समय में ग्लासगो आगे आया। हालांकि उन्होंने भी आर्थिक कारणों के कारण कम खेलों को शामिल करने का प्लान तैयार किया जिसके लिए कॉमनवेल्थ फेडरेशन मान दिया।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में यह खेल हैं शामिल

कॉमनवेल्थ गेम्स ने बयान में कहा, 'ग्लासगो सीडब्ल्यूजी आयोजकों ने कहा कि खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा-एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बाउल्स और पैरा-बाउल्स, तैराकी और पैरा-स्विमिंग, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा-ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा- शामिल होंगे। पावरलिफ्टिंग, जूडो, और 3म3 बास्केटबॉल और 3म3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल को भी जगह मिलेगी।'

# द हंड्रेड की टीमों के लिए पांच आईपीएल फ्रेंचाइजी ने लगाई बोली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स उन आईपीएल फ्रेंचाइजियों में शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की प्रतियोगिता द हंड्रेड में टीमें खरीदने के लिए बोलियां जमा की हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जीएमआर ग्रुप और मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के सह-मालिक अवराम ग्लेजर ने भी टीम खरीदने के लिए बोलियां जमा की है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर थी।

ईसीबी ने आठ फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए बोलियां आमंत्रित की थी। इस तरह से ईसीबी ने बड़ा हिस्सा अपने पास सुरक्षित रखा है जिससे उसका प्रतियोगिता पर नियंत्रण बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि कई आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने शुरू में टीम खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन सभी ने बोलियां नहीं लगाईं।

इसमें कहा गया है, 'पंजाब किंग्स ने बाहर होने का विकल्प चुना, जबकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि पांच बार के आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के मालिक सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स ने बोलियां जमा की हैं या नहीं।

# विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन आज

## मुख्यमंत्री आज करेंगे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**रीवा।** प्रदेश की पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा में 23 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रातः 10.30 बजे इस कान्क्लेव का कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम के मुख्य हाल में शुभारंभ करेंगे। इस कान्क्लेव में देश के प्रमुख उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विन्ध्य में औद्योगिक क्षेत्र मे निवेश के संबंध में उद्योपतियों से अलग-अलग चर्चा करेंगे। पृथक से बनाये गये चार कक्षों में मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, उद्योग मंत्री श्री चैतन्य कश्यप, ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती राधा सिंह भी शिरकत कर रही हैं। समारोह में बिरला ग्रुप, डालमिया ग्रुप, पतंजलि समूह सहित कई बड़े उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। समारोह में शामिल होने



के लिए चार हजार से अधिक उद्योगपतियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। कार्यक्रम में विषय विषयज्ञों द्वारा लघु उद्योगों, कुटीर उद्योगों, कृषि पर आधारित उद्योगों तथा पर्यटन उद्योग के संबंध में विशेष रूप से बनाये गये सेमिनार कक्ष में चर्चा की जायेगी। इसमें लगभग एक हजार व्यक्तियों की बैठने की क्षमता है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों तथा प्रमुख उद्योगों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर विन्ध्य के विकास के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव बड़ी सौगात साबित होगा। विन्ध्य में खनिज संपदा पानी, बिजली और उद्योगों को स्थापित करने के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। विन्ध्य में रेलवे लाइन, हाइवे तथा एयरपोर्ट की सुविधा भी है। विन्ध्य में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, संजय गांधी टाइगर रिजर्व, मुकुन्दपुर व्हाइट टाइगर सफारी, माँ शारदा मंदिर मैहर,

चित्रकूट, चचाई प्रपात, पुरवा प्रपात, बहुती प्रपात सहित अनेक पर्यटन स्थल हैं। इसके साथ-साथ पूरे विन्ध्य में कई ऐतिहासिक स्थल भी हैं। इनसे विन्ध्य में पर्यटन को ऊंची उड़ान मिलेगी। विन्ध्य में 225 किलोमीटर की परिधि में 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयाँ संचालित हैं। विन्ध्य सीमेंट उत्पादन और बिजली उत्पादन का बहुत बड़ा केन्द्र है। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर प्लांट विन्ध्य की प्रगति की गाथा कह रहा है। बाणसागर बांध का निर्माण पूरा होने के बाद पूरे विन्ध्य में कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। धान, गेंहू, प्याज, कई तरह के फूल, सब्जियाँ तथा फल बड़ी मात्रा में उत्पादित किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का रीवा में शुभारंभ

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 23 अक्टूबर को प्रातः 8.50 बजे भोपाल से वायुयान प्रस्थान कर सुबह 9.40 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे। मुख्यमंत्री प्रातः 10 बजे श्री कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम पहुंचकर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री विन्ध्य क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों के संबंध में उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री शाम 6 बजे एयरपोर्ट रीवा से वायुयान से प्रस्थान कर शाम 6.50 बजे एयरपोर्ट भोपाल पहुंचेगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल भी मुख्यमंत्री जी के साथ भोपाल से रीवा आकर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव विन्ध्य क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेगी: शुक्ल

## मुख्यमंत्री के विजनरी नेतृत्व में प्रदेश के समग्र विकास को मिल रही है नई दिशा

**रीवा।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएँ हैं और इसे साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) जैसे आयोजन आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं, क्योंकि यह क्षेत्रीय विशेषताओं के आधार पर निवेश संभावनाओं को प्रस्तुत कर औद्योगिक विकास में संतुलन लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व में यह पहल प्रदेश के समग्र विकास को एक नई दिशा प्रदान कर रही है। इसका पाँचवां संस्करण 23 अक्टूबर को रीवा में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में सफलतापूर्वक कॉन्क्लेव आयोजित किए जा चुके हैं। उप



मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए आधुनिक और सशक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेलवे और हवाई मार्ग का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बन गया है। क्षेत्र में सीमेंट, खनिज और सरप्लस पावर जैसी प्राकृतिक संपदाओं की प्रचुरता इसे औद्योगिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और सिंगल विंडो क्लीयरेंस और औद्योगिक सहयोगी पहलों से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बना है। इसी सकारात्मक माहौल के चलते अब तक 4,000 से अधिक निवेशकों ने रीवा में होने वाले इस कॉन्क्लेव के लिए पंजीकरण कराया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में उद्योगों के लिए 9,000 हेक्टेयर से अधिक का भूमि बैंक उपलब्ध है। इस कॉन्क्लेव में आईटी, पर्यटन, माइनिंग, एमएसएमई, कुटीर उद्योग, और कृषि क्षेत्र में निवेश पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विन्ध्य क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं, जिनका विकास प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्वास जताया कि यह कॉन्क्लेव विन्ध्य क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय लिखेगी।

# बघेली और श्री अन्न के व्यंजनों से महकेगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

**रीवा।** रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में विन्ध्य के विकास तथा विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने वाले अतिथियों को विन्ध्य के प्रमुख व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा सभी अतिथियों के लिए विशेष रूप से बघेली संस्कृति के प्रमुख व्यंजनों से अतिथियों को तृप्त करने का प्रयास किया जाएगा। अतिथियों को इदरहर की कढ़ी, रिकमच की कढ़ी, रसाज, बरा-मुगौरा, दालपूरी और गुराम जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। इनके साथ-साथ उड़द और मूंग की दाल से बने कई व्यंजन, महुए से बने लड्डू और लाटा भी चखने को मिलेंगे। मिठाईयों में मालपुआ, खुरचन, लौंगलता जैसे परंपरागत मिठाईयों को परोसा जाएगा। अतिथियों को कोदौ, मक्का, ज्वार और बाजरा जैसे श्री अन्न से बने व्यंजनों के स्वाद लेने का भी अवसर मिलेगा। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव बघेली व्यंजनों की महक दूर-दूर तक फैलाने के लिए सफल साधन सिद्ध होगा।

# मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक विकास का नया केंद्र बना रीवा संभाग

**रीवा।** रीवा संभाग, जो मध्य प्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित है, आज तेजी से एक उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अपनी सांस्कृतिक धरोहर, प्राचीनता, प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और खनिज भंडारों के साथ यह क्षेत्र निवेशकों के लिए अनगिनत अवसर प्रस्तुत करता है। यहां न सिर्फ औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधारभूत संरचना तैयार की गई है, बल्कि इसके पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व ने भी इसे और अधिक आकर्षक बना दिया है।

चोरहटा, गुढ़, बाईपास, और त्योथर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन क्षेत्रों में निर्माण सामग्री, कृषि आधारित उद्योग, धातु उद्योग, और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योग प्रमुखता से उभर रहे हैं। रीवा का हवाई संपर्क जुड़ने के बाद इन क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों की रफ्तार और भी बढ़ गई है, जिससे निवेशकों को माल की ढुलाई और उत्पादों की आपूर्ति में आसानी हो रही है।

रीवा संभाग का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व इसे पर्यटन के नजरिए से भी महत्वपूर्ण बनाता है। यहां स्थित रीवा किला, गोविंदगढ़ का किला, और मुक्ति धाम जैसे स्थान न केवल ऐतिहासिक धरोहर हैं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, रीवा के साथ जुड़ी बघेलखण्ड की संस्कृति ने भी इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान दी है।

रीवा संभाग खनिज संसाधनों से समृद्ध है। यहां प्रचुर मात्रा में चूना पत्थर, डोलोमाइट, और बॉक्साइट जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो औद्योगिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन खनिज संसाधनों का दोहन स्थानीय उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराता है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलता है। पर्यटन और पौराणिक महत्व - रीवा संभाग अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटक स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है। केऊटी जलप्रपात, चित्रकूट और सिद्ध बाबा जैसे स्थानों का पर्यटन महत्व है, जो न सिर्फ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र की धार्मिक धरोहर भी पर्यटन को बढ़ावा देती है।

रीवा संभाग से कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 30, एनएच 75 और एनएच 39) गुजरते हैं, जो इसे अन्य राज्यों से जोड़ते हैं और व्यापारिक गतिविधियों को आसान बनाते हैं। इन राजमार्गों के साथ ही अब हवाई संपर्क भी उपलब्ध है, जिससे माल की तेज और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होती है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने मंत्रिपरिषद ने 7 हज़ार 977 नवीन पदों के सृजन की दी स्वीकृति

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व और दूरदर्शिता से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं, और उनकी पहल से प्रदेश में नए पदों के सृजन की मंजूरी मिली है, जिससे जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने 454 नवीन/उन्नयित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभावी उपयोग के लिए 7 हज़ार 977 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन /उन्नयित स्वास्थ्य संस्थाओं के अधोसंरचना कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के साथ-साथ नए पदों पर शीघ्र नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिससे इन स्वास्थ्य संस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित कर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि 454 नवीन/उन्नयित स्वास्थ्य संस्थाओं में 3 जिला चिकित्सालय, 53 सिविल अस्पताल, 29 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 208 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 161 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। नवीन सृजित पदों में 5 हज़ार 936 नियमित पद, 452 संविदा पद और 1589 पद आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से भरे जाएंगे। इन सृजित पदों के लिए 351 करोड़ 17 लाख रुपये के वार्षिक अनुमानित व्यय की मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति प्रदान की है। 3 नवीन जिला चिकित्सालयों में 153 नए पद स्वीकृत किए गए हैं, जिससे इन अस्पतालों में कुल 450 पद सुनिश्चित किए गए हैं। 53 सिविल अस्पतालों के लिए 3012 नए पदों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिससे इन अस्पतालों में कुल 4183 पद उपलब्ध होंगे।

### संवेदनशीलता के साथ करें दायित्वों का निर्वहन : कलेक्टर

**रीवा।** पाँचवे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन 23 अक्टूबर को रीवा में कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में किया जा रहा है। आयोजन के लिए विभिन्न विभागों एवं पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी दायित्व सौंपे गए हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह की उपस्थिति में आयोजन स्थल पर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर ब्रीफिंग की गई।

# आईटीआई रीवा में अप्रेंटिशिप ड्राइव आज

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिशिप ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि अप्रेंटिशिप ड्राइव में जिंदल सा लिमिटेड कच्छ गुजरात द्वारा पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार का अवसर पाने के लिए आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, ड्राफ्ट्समैन (मेक) तथा मशीनिस्ट एवं टर्नर व्यवसाय के लिए पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने पर युवाओं को 11 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। पात्र युवाओं का चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पात्र युवाओं की आयु 18 से 25 वर्ष होनी चाहिए। वर्ष 2023 और 2024 में शासकीय आईटीआई से उत्तीर्ण विद्यार्थी विद्यार्थी प्लेसमेंट में शामिल होने के पात्र हैं।

# विंध्य क्षेत्र को निवेश और औद्योगिक केन्द्र के रूप में करेंगे स्थापित : मुख्यमंत्री

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर को रीवा में प्रदेश की पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य विंध्य क्षेत्र को निवेश और औद्योगिक अवसरों के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' घोषित किया गया है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में हुई आरआईसी को एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। रीवा स्थित कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होने वाली कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 50 से अधिक प्रमुख निवेशक और 3 हजार से अधिक एमएसएमई उद्यमी शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य फोकस राज्य के प्रमुख क्षेत्रों— ऊर्जा, खनन, कृषि, डेयरी, खाद्य प्र-संस्करण, पर्यटन एवं हस्तशिल्प में निवेश को प्रोत्साहित करने पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस पहल का उद्देश्य राज्य में निवेशकों और उद्यमियों के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित करना है, जिससे औद्योगिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

### आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 25 अक्टूबर तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 25 अक्टूबर तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे दीपावली के पहले 28 अक्टूबर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके।

# राज्यपाल से उप मुख्यमंत्रीने की सौजन्य भेंट

**रीवा।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल इस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज जो मध्यप्रदेश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है, इस वर्ष अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हीरक जयंती समारोह मना रहा है। 1964 में स्थापित, रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज ने विंध्य क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# उप मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने 23 अक्टूबर को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक करके कॉन्क्लेव के लिए की जा रही तैयारियों की बिन्दुवार चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव विन्ध्य को औद्योगिक विकास का नया क्षितिज देगा। विन्ध्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहाँ निवेश करने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों ने रूचि दिखाई है। विन्ध्य में कई सुंदर जल प्रपात, धार्मिक स्थल, टाइगर रिजर्व तथा अन्य प्राकृतिक स्थल हैं। रेल मार्ग, फोरलेन सड़कों तथा रीवा एयरपोर्ट के माध्यम से हवाई सेवा की सुविधा हो जाने से पर्यटन उद्योग में तेजी से विकास होगा। इसके माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इसी तरह कृषि पर आधारित उद्योगों तथा नवकरणीय ऊर्जा में भी निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से इन संभावनाओं को मूर्त रूप देने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने विन्ध्य के औद्योगिक विकास को विशेष महत्व देते हुए रीवा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कराया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया की व्यवस्था, उद्योगपतियों के साथ संवाद की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी चन्द्रमौलि शुक्ला, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धार्मिक आस्था एवं परंपराओं को बढ़ावा देने युवा टीम 10 माह से कर रही लगातार कार्यक्रम

रीवा। आज सनातन धर्म का प्रकाश देशभर में चहुंओर जगमगा रहा है,जिसमें देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम मैहर के पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी श्रीरामललाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्व के लिए संकल्पित संगठन युवा एकता परिषद के युवाओं द्वारा हनुमत सेवा अभियान वर्ष 2024 के प्रथम मंगलवार 2 जनवरी को रीवा जिले के परमहंस आश्रम हनुमान गढ़ी बक्क्षेरा अमिलिया से प्रारंभ किया गया था, जो लगातार जारी है। आज हनुमत सेवा अभियान के 43वें अवसर पर युवाओं द्वारा पवन पुत्र हनुमान,रानी तालाब भैरव बाबा मंदिर में सेवा कार्य किया गया। जहाँ पहुँचकर युवाओं की टीम ने सर्वप्रथम मंदिर की साफ सफाई की, इसके बाद संगीतमयी सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। इस दौरान हनुमंतलाल को दूध,दही,शहद,हल्दी घोल,गंगाजल




एवं जल से स्नान कराया गया। तदुपरांत सिंदूर अर्पित करते हुए चोला व ध्वजा अर्पित किया गया। इस दौरान हनुमंतलाल का भव्य श्रृंगार किया गया जिसकी शोभा देख हर कोई हनुमंतलाल का अद्भुत दर्शन पाकर मंत्रमुग्ध हो गया।

साथ ही पुष्पहार, फूल, फल, पंचामृत, पंचमेवा, मिष्ठान्न के साथ साथ हनुमंतलाल के प्रिय भोग गुड़ चना का भोग चढ़ाया गया। आखिरी में हनुमान चालीसा,प्रभु श्रीराम की आरती व हनुमंतलाल की आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हनुमत सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को सनातन धर्म से जोड़कर रखना व कलयुग के देवता हनुमान जी के ऐसे सभी मंदिरों की प्रमुखता से साफ सफाई,देखरेख व जीर्णोद्धार करना है, जिन स्थापित प्रतिमाओं एवं मंदिरों का संचालन उत्कृष्ठ तरीके से नहीं हो पा रहा है। पिछले 9 माह से लगातार यह हनुमत सेवा अभियान युवा एकता परिषद के मुखिया हनुमत सेवक पंडित सचिन शर्मा सूर्या के कुशल नेतृत्व में चलाया जा रहा है। युवा टीम द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की हर ओर सराहना हो रही है,कहा जाए तो निश्चित तौर पर यह युवाओं की अनुकरणीय पहल साबित हो रही है जिसमें युवा पीढ़ी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। समाज के वरिष्ठ भी इस युवा टोली की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने बताया की हनुमत सेवा अभियान युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने का एक ऐसा प्रयास है जिसका उद्देश्य मंदिरों का रख रखाव करते हुए व साफ स्वच्छ धार्मिक वातावरण स्थापित करना है। हनुमत सेवा अभियान के आज के कार्यक्रम संयोजक अमर पासी ने बताया की युवाओं की अनोखी सोच से प्रेरित हनुमत सेवा अभियान एक विशिष्ट पहल है,जिसका उद्देश्य जनसेवा के साथ ही धार्मिक मूल्यों का प्रचार प्रसार करना है। इस अभियान के तहत युवा विभिन्न सेवा कार्यों एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं,जो न केवल सामाजिक बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है की यह अभियान युवाओं की धर्म के प्रति समर्पित सोच व सामाजिक दायित्व को बढ़ावा देने का बेहतरीन उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेगा। ऐसी पहल दर्शाती है कि आज का युवा समाजसेवा और धार्मिक परंपराओं को सशक्त करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा एकता परिषद के मार्गदर्शक नरेन्द्र द्विवेदी दादू,परिषद के मुखिया हनुमत सेवक पंडित सचिन शर्मा सूर्या,कार्यक्रम संयोजक अमर पासी,युवा सरपंच शनि समदरिया, निखिल शुक्ला,रवी सोंधिया, मोहित तिवारी, शिवम समदरिया, राजीव वर्मा, सतेन्द्र तिवारी सनातनी, अमन द्विवेदी, सावन पासी, अंकित द्विवेदी, रोहित सेन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833